* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 200

शिंदे-ठाकरे विवाद पर फैसला आज : सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में 16 मार्च को दलीलें पूरी हुई थी, उद्धव राज्यपाल का आदेश रद्द कराना चाहते हैं।









## विपक्षी एकता : नीतीश कुमार मिले हेमंत सोरेन से

# लोकसभा चुनाव विपक्ष एकजुट होकर लड़ेगा और परिणाम पूरा देश देखेगा: नीतीश कुमार

## नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम करने के लिए तैयार हैं: हेमंत सोरेन

- दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच एक घंटे हुई बातचीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विपक्षी एकता के मिशन पर निकले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह के साथ बुधवार को रांची पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ करीब एक घंटे तक मंत्रणा की। इस अवसर पर झारखंड सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश कुमार ठाकुर, बिहार सरकार में मंत्री संजय झा और राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी मौजूद थे। इस मुलाकात के दौरान तीनों नेताओं के बीच 2024 में होने वाले आम चुनाव के लिए विपक्षी एकजुटता को जनता के सामने प्रदर्शित करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद प्रेस से नीतीश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव विपक्ष एकजुट होकर लड़ेगा और परिणाम पूरा देश देखेगा। हम सबसे मुलाकात कर विपक्षी एकता के लिए आमंत्रण दे रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार की ओर इशारा करते हुए नीतीश ने कहा कि आज देश का इतिहास बदलने की कोशिश की जा रही है। देश में विकास नहीं हो रहा सिर्फ चर्चा हो रही है। मीडिया पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। नीतीश कुमार ने कहा कि झारखंड-बिहार आज भले ही अलग हो गये हैं, अविभाजित बिहार की राजनीति का केंद्रबिंदु कभी रांची भी हुआ करता था। कोरोना के बाद थोड़ा आना-जाना कम हो गया, लेकिन पहले हमेशा आते-जाते रहते थे। हेमंत के पिताजी गुरुजी से हमलोगों का क्या संबंध है, कैसे हम लोगों ने आंदोलन किया, सभी जानते हैं। हम यह नहीं भूले हैं कि भले ही कम दिनों के लिए ही सही, मगर मुझे बिहार का पहला सीएम गुरुजी ने ही बनाया था। लालू जी, गुरुजी और हमारा रिश्ता क्या रहा है, यह जगजाहिर है। वहीं कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि नहीं है होने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात हो चुकी है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्षी एकता के मुद्दे पर कहा कि नीतीश कुमार हमारे अभिभावक हैं। हम इनके मार्गदर्शन में काम करने के लिए तैयार हैं। हम नए जेनरेशन के नेता हैं। हमें इनसे बहुत कुछ सीखना है। बहुत कुछ इनके मार्गदर्शन में करना है।



### नीतीश कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर कार्यक्रम के बाद दोनों मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। आवास पहुंचने पर हेमंत सोरेन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### इन नेताओं से कर चुके हैं मुलाकात

बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता के मिशन पर निकले हुए हैं ताकि 2024 के आम चुनावों में केंद्र की मोदी सरकार को चुनौती दी जा सके। इस मिशन को लेकर वे विभिन्न राज्यों का दौरा कर गैर एनडीए नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और नवीन पटनायक से मुलाकात की है। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत से मुलाकात के बाद आज ही वे पटना वापस चले जायेंगे। इसके बाद उनके विपक्षी एकता मिशन का अगला पड़ाव मुंबई होगा। मुंबई में वे उद्धव ठाकरे और शरद पवार से मुलाकात करेंगे।

# कर्नाटक में वोटिंग खत्म, 3 जगह हिंसा, 65% वोटिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु/नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो गयी है। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम 5 बजे तक 65.69% वोट पड़े हैं। कर्नाटक की 224 सीटों पर 2614 उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। वोटिंग के दौरान तीन जगहों पर हिंसक घटनाएं हुई हैं। पुलिस ने बताया कि विजयपुरा जिले के बासवाना बागेवाड़ी तालुक में लोगों ने कुछ इवीएम और वीवीपीएटी मशीनों को तोड़ डाला गया।

उन्होंने पोलिंग अधिकारियों की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। यहां अफवाह उड़ी थी कि अधिकारी मशीनें बदलकर वोटिंग में गड़बड़ी कर रहे थे। दूसरी घटना पद्मनाभ विधानसभा के पपैया गार्डन पोलिंग बूथ पर हुई, जहां कुछ युवाओं ने लाठियां लेकर अपने विरोधियों पर हमला किया। इस हमले में वोट डालने आईं कुछ महिलाएं भी घायल हुईं। तीसरी घटना बेल्लारी जिले के संजीवारायानाकोटे में हुई, जहां कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता के बीच हाथापाई हुई।

# एग्जिट पोल: कर्नाटक में किसी को बहुमत नहीं

- कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी, जेडीएस किंगमेकर




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु/नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों पर वोटिंग भी पूरी हो गयी। अब इंतजार रिजल्ट का होगा। इससे पहले चुनाव समाप्त होने के साथ ही अलग-अलग एजेंसियों ने एग्जिट पोल दिखाना शुरू कर दिया है। इन एग्जिट पोल के अनुसार कर्नाटक में हंग असेंबली के आसार नजर आ रहे हैं। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनती दिख रही है, लेकिन बहुमत से कुछ सीटें कम है। भाजपा ज्यादातर एग्जिट पोल में दूसरे नंबर पर है। हालांकि न्यूज नेशन-सीजीएस और एशियानेट सुवर्णा-जन की बात ने भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बताया है। उधर, जेडीएस तीसरे नंबर पर है। यानी जेडीएस किंग मेकर के रूप में रहेगी।

## एग्जिट पोल में कांग्रेस आगे

### कुल सीट: 224 - बहुमत: 113

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | जेडीएस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| जी न्यूज-मैट्रिज | 79-94 | 103-118 | 25-33 | 02-05 |
| रिपब्लिक पी-मारक्यू | 85-100 | 94-108 | 24-32 | 02-06 |
| टीवी9 भारतवर्ष-पोलस्ट्रैट | 88-98 | 99-109 | 21-26 | 0 |
| एबीपी न्यूज-सी-वोटर | 83-95 | 100-112 | 21-29 | 02-06 |
| एशियानेट-जन की बात | 94-117 | 91-106 | 14-24 | 0-02 |
| टाइम्स नाऊ-इटीजी | 72-92 | 106-120 | 20-26 | 02-04 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स | 80-90 | 110-120 | 20-24 | 01-03 |
| न्यूज नेशन-सीजीएस | 114 | 86 | 21 | 03 |

## तूफान मोचा आज से एक्टिव हो सकता है

नयी दिल्ली (आजाद सपाही)। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि मोचा तूफान से बुधवार से एक्टव हो गया। है। इस वजह से दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर में बारिश हो सकती है। इस दौरान 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## इडी की एडजुडिकेटिंग ऑथरिटी का फैसला

# पल्स हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर को अटैच करना सही

- आइएएस पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की है संपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की एडजुडिकेटिंग ऑथरिटी (निर्णायक प्राधिकार) ने बरियातू स्थित पल्स हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर को अटैच करने की कार्रवाई को सही करार दिया है। यह संपत्ति मनरेगा घोटाले और मनी लांड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद आइएएस पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की है। इडी ने इस सहित 82 करोड़ की चार संपत्ति पिछले साल एक दिसंबर को अटैच कर ली थी। सूत्रों के मुताबिक इडी की एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने इडी की कार्रवाई को सही ठहराया है। प्रावधानों के अनुसार इडी द्वारा अटैच संपत्ति की जानकारी एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी (एए) को भेजी जाती है, क्योंकि संपत्तियों पर कब्जा एए द्वारा एजेंसी के अंतिम आदेश की पुष्टि के बाद ही प्रभावी होता है। मौजूदा स्थिति में अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर लगभग छह महीने तक सामान्य रूप से चल सकते हैं। एए की पुष्टि के बाद इडी पल्स हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर को अपने कब्जे में लेने पर विचार करेगी। बता दें कि पिछले साल मई में पूजा सिंघल के ठिकानों पर छापामारी के बाद इडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल वह जेल में हैं। पूजा सिंघल की संपत्ति को अटैच करने को लेकर दिल्ली स्थित इडी मुख्यालय ने इससे संबंधित प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया। पूजा सिंघल पर खूंटी डीसी रहने के दौरान 18.06 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाले का आरोप है।

### 82.77 करोड़ की चार अचल संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की थी

मनरेगा घोटाले और मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार झारखंड की पूर्व खान सचिव आइएएस पूजा सिंघल के विरुद्ध इडी ने पिछले साल एक दिसंबर 2022 को पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की चार अचल संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच कर ली थी। इन संपत्तियों में रांची के बरियातू रोड स्थित पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पल्स डाग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर और दो भूखंड शामिल हैं।

# जमीन का असली मालिक हम, सेना रेंटर है : कर्नाड

- लैंड स्कैम: इडी के समक्ष बयान दर्ज कराया जयंत कनार्ड ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आर्मी जमीन घोटाला मामले में इडी ने सेनी की जमीन फर्जीवाड़ा मामले में जयंत कनार्ड से पूछताछ की। जयंत ने खुद को उस जमीन का असली मालिक बताया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि सेना तो रेंटर है। हाइकोर्ट ने सेना को निर्देश दिया है कि वह जमीन खाली कर दे। मलिक होने के नाते जमीन हमारी है, इसलिए हमने बेचा है।

गौरतलब है कि पूर्व आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी ने भी अपनी रिपोर्ट में जयंत कनार्ड को असली मालिक बताया था। उन्होंने रिपोर्ट में लिखा था कि रांची में बरियातू की सेना की 4.55 एकड़ की जमीन के खतियानी रैयत प्रमोद नाथ दास गुप्ता की इकलौती बेटी सरस्वती दास गुप्ता थीं। उनके पति मंजेश्वर लक्ष्मण राव थे। सरस्वती दास और मंजेश्वर लक्ष्मण की दो संतान बीएम मुकंद राव और मालती कर्नाड थे। बीएम मुकुंद राव की कोई संतान नहीं हुई, जबकि मालती का एक बेटा जयंत कर्नाड है। मालती की मृत्यु के बाद जयंत कर्नाड ही जमीन के असली वारिस हैं। जयंत कनार्ड को इडी ने पिछले दिनों समन देकर 10 मई को पूछताछ के लिए बुलाया था। जयत बुधवार को रांची के इडी कार्यालय समय पर पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने जमीन का मालिक होने का दावा किया और इससे संबंधित कागजात भी इडी अधिकारियों को दिखाया।

# पाकिस्तान हिंसा में आठ की मौत, इंटरनेट बंद

- इमरान को आठ दिन की रिमांड पर भेजा
- परमाणु ठिकानों पर कमांडो, चार में से दो राज्यों में फौज तैनात

एजेंसी



**नयी दिल्ली/इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा दूसरे दिन भी जारी है। वहां से 8 लोगों की मौत की खबर है। पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में फौज तैनात कर दी गयी है। चांग इलाके में मौजूद न्यूक्लियर फेसिलिटी पर फौज के कमांडो तैनात कर दिये गये हैं। पेशावर में रेडियो पाकिस्तान की इमारत में आग लगा दी गयी। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) ने 18 शहरों में हिंसा का एक कॉम्बो फोटो जारी किया है। दूसरी तरफ, नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की स्पेशल टेम्परेरी कोर्ट में इमरान की पेशी हुई। जांच एजेंसी ने 14 दिन का रिमांड मांगा था। जज ने इमरान को 8 दिन की फिजिकल रिमांड पर जांच एजेंसी को सौंप दिया। इसी जांच एजेंसी ने मंगलवार को उन्हें 60 अरब पाकिस्तानी रुपये के घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने खान की पत्नी बुशरा के लिए भी गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग की है। पीटीआइ में नंबर दो पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और नंबर तीन असद उमर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस्लामाबाद में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। विदेशी एम्बेसी और कॉन्स्यूलेट के स्टाफ को बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। पाकिस्तान के टीवी चैनल 'दुनिया न्यूज' के मुताबिक पूरे मुल्क में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। खान पर सरकारी खजाने (तोशाखाना) के तोहफे बेचने के मामले में भी आरोप तय कर दिये गये हैं। अगर वो दोषी करार दिये गये तो ताउम्र चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 80,000 रु./प्रति किलो |



हक के लिए संघर्ष : जिस मुद्दे ने बिरसा को भगवान बनाया, उससे कन्नी काट रहे हैं आज के नेता

# रहस्यमय है जल-जंगल-जमीन को उजड़ते हुए देखना

**झारखंड के मूल निवासी लंबे समय से अपने अस्तित्व, पहचान, भाषा संस्कृति और संसाधनों पर हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रकृति के साथ लंबे समय के सहचर्य से इन्होंने प्रकृति आधारित जीवन शैली विकसित की है, पर सभ्यताओं के साथ संपर्क में आने के बाद उनके जीवन में परिवर्तन आना शुरू हुआ। आज आदिवासी समुदाय अपनी पहचान, भाषा, संस्कृति, संसाधनों पर हक के लिए अन्य समस्याओं के साथ संघर्ष कर रहा है। आदिवासियों के संदर्भ में झारखंड का अलग ही स्थान है, क्योंकि 27 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले इस राज्य की धुरी आदिवासियों के इर्द-गिर्द ही घूमती है। यह एक विडंबना ही कही जायेगी कि 23 साल पहले बिहार से अलग होकर बने झारखंड में यदि दो चीजें खूब फली-फूलीं, तो वे हैं भ्रष्टाचार और जमीन का धंधा। इन दो बड़ी बीमारियों ने खनिज संपदा से भरपूर इस खूबसूरत प्रदेश को ऐसा जकड़ा कि यहां के लोग त्राहि-त्राहि करने लगे। झारखंड में जमीन का कारोबार इतना फैला कि राज्य के भ्रष्टाचार की नदी का सारा पानी इसमें समाता चला गया। इसलिए जमीन का आकर्षण भी बढ़ता गया और देखते-देखते पैसेवालों का यह सबसे प्यारा शगल बन गया। इस धंधे ने स्वाभाविक तौर पर दलाल और बिचौलिये पैदा किये, आपसी रंजिश बढ़ी, तो हिंसक वारदातें भी हुईं। लेकिन तकलीफ तब होती है, जब झारखंड में जल-जंगल-जमीन की राजनीति करने का दावा करनेवाले जमीन लूट के खिलाफ आवाज उठाने में हिचकने लगते हैं। आज झारखंड में जमीन लूट की जितनी कहानियां सामने आ रही हैं, ऐसा नहीं है कि उसकी जानकारी लोगों को नहीं होगी। लेकिन किसी ने कभी आवाज नहीं उठायी और यही बात आज एक आम झारखंडी को परेशान कर रही है। झारखंड में जमीन लूट पर इस चुप्पी का कारण टटोल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

घटना 1995 के आसपास की है। तब झारखंड अलग राज्य नहीं बना था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक नेता हुआ करते थे भाई हालेन कुजूर। बिहार विधान परिषद के सदस्य रह चुके थे और जमीन से जुड़े नेता थे। अलग राज्य के आंदोलन के दौरान पूरे राज्य में कहीं भी आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री की जानकारी मिलते ही वह वहां पहुंच जाते थे और यदि वह सौदा गलत होता, तो आंदोलन खड़ा करते थे। केवल भाई हालेन कुजूर ही नहीं, कई ऐसे आदिवासी नेता थे, जो आदिवासियों की जमीन के सौदे की मुखालफत करते सड़कों पर नजर आते थे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन, सुधीर महतो और चंपाई सोरेन भी आदिवासियों की जमीन को बचाने के लिए संघर्ष करने में कभी पीछे नहीं हटे। बल्कि सच तो यह है कि अगर आज भी गरीब-गुरबों की जमीन बची है, तो यह इन लोगों के लंबे संघर्ष का ही परिणाम है। झारखंड बनने के बाद ऐसे नेताओं में बंधु तिर्की का नाम सबसे ऊपर रहा। लेकिन पिछले एक साल में झारखंड में जमीन लूट की जितनी कहानियां सामने आयी हैं, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी किसी को नहीं हो। लेकिन आश्चर्य कि किसी ने भी मुखर आवाज नहीं उठायी। यह बात आज एक आम झारखंडी को गहरे चुभ रही है।

सभी जानते हैं कि भारत के लोग जमीन को मान-मर्यादा और परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ा मानते हैं। इसलिए यहां जमीन के कारण अक्सर खून-खराबे की खबरें भी आती हैं। भारतीय समाज का शायद ही कोई ऐसा वर्ग होगा, जिसमें जमीन हासिल करने की आकांक्षा नहीं होगी। झारखंड जैसे राज्य में जमीन का महत्व और बढ़ जाता है, जहां आदिवासी-गैर-आदिवासी का कानूनी पेंच सामने रहता है। 23 साल पहले जब बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बना, यहां जमीन का कारोबार बहुत तेजी से फैला। काली कमाई को जमीन में निवेश किया जाने लगा और इस कारण कीमत भी मनमाने ढंग से बढ़ी। रीयल इस्टेट का कारोबार बढ़ा, तो इसमें समाज का प्रभावशाली वर्ग भी रुचि लेने लगा। बड़े व्यवसायियों और उद्योगपतियों के साथ अधिकारियों में जमीन-मकान खरीदने की होड़ मच गयी। देखते ही देखते झारखंड के हर बड़े शहर में बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री होने लगी। इस क्रम में सरकारी जमीन भी बेची गयी और वन भूमि भी। खास महाल और गैर-मजरुआ जमीन को दस्तावेज में हेराफेरी कर बिना किसी रोक-टोक के बेच दिया गया। रांची से लेकर देवघर, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, दुमका और गोड्डा तक में जमीन का कारोबार परवान चढ़ने लगा। जब किसी सौदे पर कोई कानूनी अड़चन आती, कारोबारी संबंधित अधिकारी से संपर्क करता और उसकी मदद से सौदे को पूरा कर लेता। हाल के दिनों में कम से कम दो आइएएस अधिकारियों की इडी द्वारा गिरफ्तारी और कई जमीन दलालों, बड़े कारोबारियों और सरकारी कर्मचारियों के साथ उनकी सांठ-गांठ की कहानियों ने जमीन के इस पूरे खेल को बेपर्दा किया है। लेकिन इस पूरे खेल का सबसे दुखद पहलू जमीन की लूट के इन मामलों में बरती गयी राजनीतिक चुप्पी है।



झारखंड के साथ यह विडंबना रही है कि यहां के हुक्मरान, कार्यपालिका और विधायिका से जुड़े लोग और आम जनता को पता है कि गड़बड़ी हुई है या हो रही है, लेकिन कहीं कोई सुगबुगाहट नहीं दिखती। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप खूब होते हैं। चुनावी सभाओं में और दूसरे सार्वजनिक मंचों पर आरोप तो खूब लगाये जाते हैं, लेकिन उसके आगे कोई नहीं बढ़ता। यह भी सच है कि विभिन्न बौद्धिक आयोजनों के दौरान यहां के मूल निवासियों की मौजूदा हालात, समस्याएं और उनकी उपलब्धियों पर चर्चा खूब होती है, लेकिन उनके अस्तित्व से जुड़े मुद्दे अक्सर गौण हो जाते हैं। प्रकृति के सबसे करीब रहनेवाले यहां के मूल निवासियों ने कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभायी है। संसाधनों के अभाव में भी इन लोगों ने अपनी एक खास पहचान बनायी है। गीत-संगीत-नृत्य से हमेशा ही इनका एक गहरा लगाव होता है। उनके गीतों-नृत्यों में प्रकृति से लगाव का पुट दिखता है। झारखंड के संदर्भ में कहा जा सकता है कि मौजूदा समय में यहां के मूल निवासियों का एक बड़ा वर्ग अपनी भाषा-संस्कृति से विमुख हो रहा है। वे अपनी जमीन से उजड़ रहे हैं, लेकिन इसके खिलाफ आवाज उठानेवाला कोई नहीं है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि यहां के मूल निवासी झारखंड के प्रथम निवासी हैं। उन्होंने जंगल- झाड़ काट कर इसे खेती योग्य बनाया और यहां बसते गये। झारखंड का यह वर्ग जिस स्थिति में अपना जीवन यापन करता है, उस बारे में सोच कर भी हैरानी होती है। इस समुदाय के सामने जंगलों का कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। यह हकीकत है कि आज इस समाज और अन्य वैश्विक समाज के बीच स्पष्ट दार्शनिक विभाजन दिख रहा है। जिसे हम वैश्विक समाज या ग्लोबल दुनिया कहते हैं, वह पूंजी के प्रसार के साथ जिस उपभोग की जीवन शैली को मानव समाज के बीच आरोपित कर रहा है, उसने देखते ही देखते प्रकृति को विनाश के कगार पर खड़ा कर दिया है। आज हम स्पष्ट रूप से प्रकृति से विलग और प्रकृति से रागात्मक रूप से जुड़े दो अलग-अलग समाज को देखते हैं। यह विभाजन सिर्फ भारत में या झारखंड में नहीं है, जहां आदिवासी समाज कथित विकास के उद्घोषकों से जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ रहा है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस लड़ाई में वे लोग अकेले पड़ते जा रहे हैं। उनकी पीड़ा सिर्फ और सिर्फ नेताओं के बयानों तक में सिमट गयी है। झारखंड में पिछले एक साल के दौरान जमीन लूट की जो कहानियां सामने आयी हैं, उनमें से एक के भी खिलाफ राजनीतिक हलकों से आवाज नहीं उठायी गयी। आदिवासी हितों की रक्षा का दम भरनेवाले तमाम राजनेता या तो चुप्पी साध गये या फिर अनजान बने रहे। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। झारखंड के लोग अब महसूस करने लगे हैं कि उनके हित अब राजनीति की बलिवेदी पर कुर्बान होने लगे हैं। इसलिए अब वह दिन दूर नहीं, जब ऐसे लोगों को उस समाज के भीतर से ही चुनौती मिलने लगेगी, जिसकी अस्मिता की रक्षा का दम वे भरते रहे हैं। उनको यह समझना चाहिए कि महान विरासत को बड़ी जिम्मेदारी और विनम्रता के साथ संभाला जाना चाहिए। अगर इसी तरह से यहां के मूल निवासी छले जाते रहे, उनके साथ गलत व्यवहार होता रहा और इसी गति से प्राकृतिक संपदा और सामाजिक संस्कृति का दोहन किया जाता रहा, तो इस समाज को बचाया नहीं जा सकेगा और भारत कभी भी अपनी पूरी क्षमता से प्रगति नहीं कर पायेगा। इसलिए मूलनिवासियों को बचाने के लिए फिर से भगवान बिरसा मुंडा की जरूरत है। हालांकि, केवल एक बिरसा मुंडा इस जिम्मेदारी का भार उठाने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे। हमें सिर्फ भगवान बिरसा मुंडा की ही जरूरत नहीं है, बल्कि हमें बाबा तिलका मांझी, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो भी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि देर से ही सही, यह चुप्पी अब टूटेगी।

बारात पहुंची, वरमाला हुआ, लेकिन नहीं हुई शादी

## मंडप में दुल्हन ने शादी से कर दिया इनकार

पड़ोसियों ने कहा, कम गहने की वजह से टूटी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता


**जामताड़ा।** बारात पहुंच गयी, वरमाला भी अच्छे से हो गया। अचानक दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। झारखंड के जामताड़ा में यह वाकया हुआ। वधू पक्ष ने भी बारातियों को वापस लौटने के लिए कह दिया। शादी टूट गयी। इस शादी के टूटने की वजह थी दूल्हे की तरफ से लाये कम गहने, लेकिन वधू पक्ष का कहना है कि उन्हें लड़का पसंद नहीं आया। वर पक्ष ने काफी मनाने की कोशिश की। वजह भी जाननी चाही, लेकिन वधू पक्ष ने साफ इनकार कर दिया। नाराज दुल्हन ने मंडप में शादी से इनकार किया, जिसके बाद यह शादी टूट गयी। पड़ोसियों का कहना है कि वधू पक्ष गहनों की वजह से नाराज हुआ। शादी के लिए इनकार कर दिया। वर पक्ष कम गहने लेकर आया था। यह शादी 8 मई को थी। दोनों तरफ से तैयारी की गयी थी। दूल्हा बारात लेकर हावड़ा दानकुनी से करमाटांड़ पहुंचा। दूल्हे का स्वागत हुआ। वरमाला भी अच्छी तरह हुआ। मंडप पर दूल्हा-दुल्हन को लाया गया, जहां पर विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ पंडित ने पूजा अर्चना शुरू कर दी। दुल्हन पक्ष के द्वारा दूल्हे से गहने मांगे गये। गहने कम देने पर बात शुरू हुई और बढ़ती चली गयी। बात दूल्हे की पसंद-नापसंद पर आयी और वधू पक्ष ने इसके बाद तुरंत शादी से इनकार कर दिया। इस शादी में शामिल हुए कई बुढ़े बुजुर्ग समझाते रहे, लेकिन वधू पक्ष के लोग नहीं माने। वर पक्ष चुपचाप मंडप बगैर दुल्हन लिये ही वापस लौट गया। वधू पक्ष ने कहा, दूल्हा अधिक उम्र का था, इसलिए शादी से इनकार किया गया।



## बरसोल में दो मंजिला नटराज होटल सील

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरसोल।** पूर्वी सिंहभूम के बरसोल में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय के सामने दो मंजिला नटराज होटल को प्रशासन ने सील कर दिया है। बुधवार को झारखंड पर्यटन विभाग के प्रियंका केरकेट्टा, सीओ जितराय मुर्मू और पुअनि रामदेव यादव और आर के प्रसाद की ओर से यह कार्रवाई की गयी। होटल संचालन के लिए संवेदक के साथ हुई थी डील बताया जा रहा है कि पर्यटन विभाग के द्वारा नटराज होटल संचालन के लिए संवेदक जमशेदपुर निवासी अजय सचदेव के साथ डील हुई थी। इसके तहत वार्षिक लाइसेंस फीस जमा नहीं करने के कारण बीते फरवरी महीने से ही एकरारनामा रद्द कर दिया गया था। इसके बावजूद संचालक द्वारा होटल को चलाया जा रहा था। एकरारनामा रद्द करने के बाद विभाग के द्वारा संचालक को कई बार होटल खाली करने के लिए निर्देश दिया गया था। निर्देश के बावजूद होटल खाली नहीं किये जाने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की। फरवरी 2023 में ही रद्द हुआ था एकरारनामा जारी आदेश पत्र में लिखा है कि संवेदक का एकरारनामा फरवरी 2023 में ही रद्द कर दिया गया था। इसके बाद भी भवन खाली नहीं किये जाने पर पर्यटन विभाग के अनुमंडल दंडाधिकारी घाटशिला को पत्र लिख कर भवन को हस्तगत करने की बात कही थी, जिसके आलोक में होटल सील की कार्रवाई की गयी।




**क्या है मामला–**

मालूम हो कि बरसोल में दो मंजिला मार्गीय सुविधा केंद्र (नटराज होटल) एनएच 49 में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित होता है, जिसके लिए समय-समय पर पर्यटन विभाग को लाइसेंस फीस जमा करनी पड़ती है। फीस जमा नहीं करने पर विभाग द्वारा कई बार नोटिस भेजा जाता है। उसके बाद भी अगर फीस जमा नहीं होती है, तब होटल में रखी संपत्ति को जब्त करके सील कर दिया जाता है। उसी फीस को जमा नहीं करने के कारण बुधवार को प्रशासन की टीम द्वारा नटराज होटल के सभी कमरे को सील कर दिया गया। बताया गया कि आगे की कार्रवाई झारखंड पर्यटन विभाग द्वारा की जायेगी।

रामेश्वर सिंह फौजी ने लगाया आरोप, सीसीएल सीएमडी से की सीबीआइ जांच की मांग

## बरकाकाना केंद्रीय कर्मशाला में ग्रेच्युटी भुगतान में लाखों के घोटाले

जांच में वित्त विभाग ने गड़बड़ी पकड़ी और करीब 37 लाख रुपये की वसूली का आदेश दिया था।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल की बरकाकाना स्थित केंद्रीय कर्मशाला में पोस्ट डेथ ग्रेच्युटी के भुगतान के मामले में लाखों रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। करीब 47 लाख रुपये की गड़बड़ी पकड़ में आयी है। आरोप कुछ तथाकथित श्रमिक संगठन और नेताओं-अधिकारियों पर है। कोलियरी मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रामेश्वर सिंह फौजी ने पूरे मामले की जानकारी सीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को देते हुए इसकी जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है। आरोप है कि वर्ष 2019-22 के दौरान तत्कालीन कार्मिक प्रबंधक रत्नेश्वर मल्लिक ने इस गड़बड़ी को अंजाम दिया। वह इस साल 31 जनवरी को रिटायर हो चुके हैं। हुआ यह है कि नौकरी के दौरान मरने वाले कर्मियों को एकमुश्त मोटी रकम का भुगतान कर दिया गया। जांच में वित्त विभाग ने गड़बड़ी पकड़ी और करीब 37 लाख रुपये की वसूली का आदेश दिया था। उसे भी दाखिल दफ्तर कर दिया गया। आरोप है कि रत्नेश्वर मल्लिक ने अपने सेवाकाल में आवास आवंटन में भी धांधली की। किसी भी नियम का पालन नहीं हुआ। इससे सीसीएल कर्मियों में रोष है।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कार्मिक प्रबंधक व श्रमिक संगठन की मिलीभगत से पोस्ट डेट ग्रेच्युटी में लगभग 37 लाख रुपए का घोटाला किया गया है। प्रीति कुमारी, जुबेदा खातून ,मालती देवी, पिंकी देवी, कविता देवी ,सुनीता देवी मीना देवी, पारो देवी, व अंजना सागर, के मृत्यु उपरांत मिलने वाले पोस्ट डेट ग्रेजुएटी की राशि से कई गुना ज्यादा राशि का भुगतान करा कर अधिकारियों ने बड़ा घोटाला किया है।

### कर्मशाला का कर्ता-धर्ता बना बैठा है लेखा लिपिक


फौजी ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय कर्मशाला का प्रबंधन लेखा लिपिक यूपीएन सिंह के इशारे पर चलता है। ट्रेड यूनियन के नेता भी इसमें शामिल हैं। लोगों का कहना है कि यूपीएन सिंह का पदस्थापन यहां नहीं होना चाहिए। व्यवस्था कैशलेस है, तो लेखा लिपिक की जरूरत अब कर्मशाला में नहीं है। फौजी ने आरोप लगाया है कि मजदूरों की हाजिरी टोकन सिस्टम से सुबह साढ़े सात बजे ली जाती है। अगर कोई पांच मिनट भी लेट आता है, तो उसकी हाजिरी काट दी जाती है। लेकिन केंद्रीय कर्मशाला में कार्यरत अधिकारी और ऑफिस के बाबू समय पर नहीं आते। सीसीटीवी कैमरे से इसकी पुष्टि हो सकती है। लेखा लिपिक पर आरोप है कि वह नियम विरुद्ध यात्रा भत्ता भी निकालता है। उसके पास कई कीमती कार हैं, जो अवैध कमाई से ली गयी बतायी जाती है। रामेश्वर सिंह फौजी ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## रेलवे क्वार्टर से गायब हुई दो आदिवासी नाबालिग बच्चियां

चर्च के पास्टर पर धर्म परिवर्तन के आरोप में मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** रेल नगरी चक्रधरपुर के रेलवे कॉलोनी क्वार्टर से दो नाबालिग आदिवासी बच्चियों के लापता होने का सनसनीखेज मामला तूल पकड़ने लगा है। यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि लापता होने वाली दोनों बच्चियों को भागकर ले जाने का आरोप चर्च के एक पास्टर पर भी लगा है। जहां बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने का भी आरोप लगा। हालांकि पीड़ित के परिजनों ने पास्टर के खिलाफ चक्रधरपुर थाना में लिखित शिकायत देकर नामजद मामला दर्ज कराया हैं। चक्रधरपुर पुलिस पुरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी 15 और 17 साल की दो बेटियां 8 मई सोमवार की रात 9 बजे छत पर गयी थी। काफी देर तक छत से जब दोनों बेटी नीचे नहीं उतरी तो मां ने छत पर जाकर देखा तो दोनों बेटियां गायब थी। इसके बाद दोनों की खोजबीन की गयी। लेकिन दोनों नाबालिग बेटियों का पता नहीं चला। महिला ने शक के आधार पर जमशेदपुर लोको कॉलोनी निवासी चर्च के एक ईसाई धर्म प्रचारक पास्टर जिनका नाम के चन्द्रमोहन उर्फ राजू है, उनपर दोनों बेटियों को बहला फुसला कर कहीं ले जाने और धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उसके पूछे जाने पर चन्द्रमोहन कुछ भी जानकारी नहीं दे रहा है। चंद्रमोहन पिछले 1 साल से उसके बेटी के साथ बात कर रहा था और ईसाई धर्म अपनाने को बोल रहा था। यही नहीं ईसाई धर्म बनने पर उन्हें कई तरह की सुविधा भी देने का बात कहता था. धीरे-धीरे दोनों बेटी उसकी बातों में आ गयी और बाद में हमसे भी ठीक से बात नहीं करती थी मां ने पुलिस से मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई कर नाबालिग बेटियों को ढूंढने की अपील की है और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. पुलिस पुरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गयी है और नाबालिग बच्चियों की तलाश में छापामारी जारी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 38.6 °c | 25.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.21 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.11 बजे |



## सीएम ने दिया 107 सहायक लोक अभियोजकों को नियुक्ति पत्र

# डॉक्टर-वकील को लोग भगवान की तरह मानते हैं, इस विश्वास को कायम रखना आपके हाथ में है : हेमंत

**स्थानीय भाषा का भी ज्ञान लें ताकि गरीब को न्याय दिला सकें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समय के अभाव की वजह से आपकी ट्रेनिंग शायद नहीं हो पायेगी। सीधे मोर्चे पर जाना होगा। लेकिन बीच में वक्त मिलेगा, तो राज्य के अंदर या बाहर भेज कर आपको ट्रेनिंग दिलायी जायेगी।, ताकि, हम राज्य के अंदर आम लोगों को न्याय दिला पायें। ये बातें सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड अभियोजन सेवा के लिए चयनित सहायक लोक अभियोजकों (सरकारी वकील) को प्रोजेक्ट भवन, द्वितीय तल सभागार, धुर्वा में नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहीं। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक बात को भुला नहीं पाता हूं, शायद भुलाना भी मुमकिन नहीं होगा। अभी हाल के दिनों में देश के अंदर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट के बड़े-बड़े जज और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने एक बात कही थी कि हमें जेल बनाने की क्या जरूरत, इसे कम करने की दिशा में काम क्यों नहीं कर रहे। मतलब स्पष्ट है कि वर्तमान समय में हमारी न्यायपालिका में केस पेंडिंग होने के कारण हमारे जेलों में कैदियों की संख्या बढ़ रही है। ये राज्य और देश के लिए बेहतर संकेत नहीं है। सीएम ने कहा कि हो सकता है कोई आपके आसपास का व्यक्ति बेगुनाह है, मगर जेल के अंदर है। बिना कोई जुर्म के सजा पाते हैं तो उनकी क्या मनोदशा होगी, यह समझा जा सकता है। इसलिए आप बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपना योगदान देने जा रहे हैं। डॉक्टर और वकील को लोग भगवान की तरह मानते हैं। इस विश्वास को बनाना और कायम रखना ये आपके हाथ में है।



### लोगों को जागरूक करें, योजनाओं का दें लाभ : मुख्यमंत्री

सीएम ने नव नियुक्त सरकारी वकीलों से कहा कि आप सरकार के अभिन्न अंग के रूप में काम करेंगे। झारखंड प्रदेश जहां आदिवासी, दलित और पिछड़ों का एक बड़ा वर्ग बसता है। यहां के लगभग आमजनों को तो कानूनी व्यवस्था, कानूनी नियम के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं हैं। ऐसे में उनको न्याय दिलाना, उनके पक्ष में खड़ा होना होगा। उनके लिए कोर्ट में दलीलें देना कितना आसान और कितना मुश्किल हो सकता है ये आपको अंदाजा होगा। मुझे जो जानकारी प्राप्त है, उसके अनुसार राज्य के जेलों में बंद बहुत सारे गरीब ऐसे हैं, जो पैसे के अभाव में न वकील कर पाते हैं और कोर्ट जाने में सक्षम हैं। हालांकि, सरकार उनके लिए कई तरह की योजना चलाती है। हमारे गांवों में लोगों को यह भी पता नहीं है कि सरकार वकील मुहैया कराती है, जिसका पूरा खर्च सरकार देती है, उन्हें कोई खर्च नहीं देना पड़ा। ये प्रचार करना जरूरी है, ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

### कई गांव में हिंदी भी नहीं समझ पाते, स्थानीय भाषा का लें ज्ञान

सीएम ने कहा कि झारखंड का सामाजिक ताना-बाना और भौगोलिक परिस्थिति दूसरे राज्य से अलग है। क्योंकि, यहां के जिलों में अलग-अलग भाषा और रहन सहन से रहनेवाले लोग हैं। बहुत सारे ऐसे क्षेत्र हैं, जहां के लोग हिंदी नहीं जानते। उन्हें सिर्फ अपनी मादरी भाषा आती है। आपको उनके साथ भी संवाद करना है। अगर आप उनके साथ संवाद नहीं बना पायेंगे तो उनको न्याय दिलाने में आपको काफी कठिनाइयां होंगी। ऐसे में आपसे आग्रह है कि जिस क्षेत्र में जिस भाषा की बहुलता है, उसे ध्यान में रख कर उसकी ट्रेनिंग लें। सुप्रीम कोर्ट-हाइकोर्ट में अंग्रेजी का प्रचलन अधिक है, लेकिन झारखंड में जो हिंदी नहीं जानता हो, वह अंग्रेजी कैसे बोल सकेगा। उन्होंने मुख्य सचिव से कहा कि इनकी ट्रेनिंग में एक भाषा का भी विषय जरूर जोड़ें, ताकि जब ये क्षेत्र में जायें, तो उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। बुधवार को 107 सहायक लोक अभियोजकों (सरकारी वकीलों) को नियुक्ति पत्र दिया गया, जिसमें से सांकेतिक रूप से सीएम ने 10 लोगों को अंगवस्त्र और नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि समय के अभाव की वजह से आपकी ट्रेनिंग नहीं हो पायेगी। सीधे मोर्चे पर जाना होगा। लेकिन बीच में वक्त मिलेगा, तो राज्य के अंदर या बाहर भेज कर आपको ट्रेनिंग दिलायी जायेगी, ताकि, हम राज्य के अंदर आम लोगों को न्याय दिला पायें। सीएम ने कहा कि अभी नियुक्ति पूरी नहीं हुई और भी लोक सहायक अभियोजक नियुक्त होने हैं। सरकार इस दिशा में प्रयासरत है। स्ट्रेंथ के अनुरूप नियुक्त करने की तैयारी है, ताकि लोगों को न्याय मिल सके।

## बाबूलाल ने सीएम हेमंत को दी सलाह, कहा-

# समय निकाल कर देख आइए द केरला स्टोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी इन दिनों सोशल मीडिया के माध्यम से हेमंत सरकार पर लगातार हमला कर रहे हैं। कई सलाह भी देते रहते हैं। बुधवार को फिर से एक बार बाबूलाल ने सीएम हेमंत सोरेन को एक सलाह दी है। उन्होंने सीएम को एक मूवी देखने की सलाह दी है। कहा, हेमंत सोरेन जी को अपने समाज के हित में एक सलाह-समय निकाल कर देख आइए। शायद आपकी आंख खुल जाये और आपको आदिवासी-संताल समाज पर व्याप्त खतरे का एहसास हो। बताते चलें कि द केरला स्टोरी मूवी को लेकर देश भर में समर्थन और विरोध का दौर जारी है।

# तथ्यों के आधार पर बनी है यह फिल्म, टैक्स फ्री करें : संजय सेठ

**द केरला स्टोरी को टैक्स फ्री करने को लेकर सांसद ने सीएम को लिखा पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में द केरला स्टोरी को टैक्स फ्री करने की मांग को लेकर सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि दो दिन पूर्व द केरला स्टोरी नामक फिल्म रिलीज हुई है। यह फिल्म मूल रूप से हमारी बहनों और बेटियों के ऊपर हो रही विभिन्न प्रकार की प्रताड़ना, जुल्म और उलझनों को लेकर बनायी गयी है। सेठ ने मुख्यमंत्री को बताया है कि यह सिर्फ फिल्म नहीं है, बल्कि एक मजबूत तथ्य है, जिस पर केरल उच्च न्यायालय, केरल की सरकार सहित कई संगठनों और संस्थाओं ने अपनी रिपोर्ट की है। सांसद ने कहा कि फिल्म में जिन तथ्यों को दिखाया गया है, उससे झारखंड अछूता नहीं है। मीडिया के माध्यमों से और अन्य माध्यमों से आप भी समय-समय पर अवगत होते हैं कि किस कदर हमारी बहन बेटियों की अस्मिता खतरे में है। उनकी संस्कृति खतरे में है। उनकी पहचान खतरे में है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।

**धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com





आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# फर्जी कागज बना कर जमीन घोटाले का कीर्तिमान बना: बाबूलाल मरांडी



**पुलिस की सांठगांठ के बिना नहीं हो सकती ऐसा घोटाला, जांच कर कार्रवाई हो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत राज में सिर्फ राजधानी रांची में फर्जी कागज बना कर जमीन घोटाले का जो कीर्तिमान बना, उसके किस्से सुन कर हैरानी होती है। लोग बताते हैं कि अब तक जो कुछ पकड़ा गया है, वह सत्ता संरक्षण में हुए पूरे जमीन लूट का एक परसेंट भी नहीं है। सोचिए विस्तार से जांच होगी तो सत्ताधारियों के पैर के नीचे से जमीन खिसक जायेगी। उन्होंने कहा कि दलाल, बिचौलिया, जालसाजों ने सत्ता के संरक्षण में सरकारी-गैर सरकारी से लेकर गैर मजरूआ ही नहीं, सेना की जमीन तक को लूट कर बंदरबांट कर लिया है। उन्होंने कहा कि अफसर, कर्मचारी, दलाल, बिचौलिये पकड़े जा रहे हैं और आगे भी पकड़े जायेंगे, लेकिन इतना बड़ा घोटाला पुलिस की सांठगांठ के बिना हो ही नहीं सकता। मरांडी ने कहा कि दलाल-बिचौलियों से कड़ाई से पूछताछ कर उन पुलिसवालों की भी पहचान करें, जो इस जमीन जालसाजी के गोरखधंधे में मालामाल हुए हैं। फिर ऐसे लोगों को बेनकाब कर उनकी काली कमाई का पर्दाफाश करें, ताकि आम लोगों को विश्वास हो कि पुलिस हो या प्रशासन, कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# दीपक प्रकाश ने नीतीश से पूछे सवाल, मांगे जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रांची आगमन पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सत्तालोलुपता ने नीतीश कुमार को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के आगे घुटना टेकने को मजबूर कर दिया। जेपी और लोहिया के अनुयायी कहलाने वालों ने पहले बिहार में चारा घोटाला, रेलवे नौकरी घोटाला में संलिप्त लालू प्रसाद के परिवार से हाथ मिलाया और अब झारखंड में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हेमंत सोरेन से हाथ मिलाने पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती पर नीतीश कुमार से राज्य की जनता जानना चाहती है कि राज्य संपोषित भ्रष्टाचार पर उनकी क्या सोच है? जमीन की मची लूट पर उनका क्या विचार है? बेरोजगारों को बार-बार ठगे जाने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है?



शराब घोटाले के बारे में वह क्या कहना चाहेंगे? आदिवासी, दलित बेटी बहनों के साथ हो रहे दुष्कर्म, हत्या पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है? पिछड़ों के ट्रिपल टेस्ट के बिना हुए पंचायत चुनाव, स्थगित निकाय चुनाव के बारे में उनकी क्या राय है? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार झारखंड की नियोजन नीति पर राज्य के युवाओं को छले जाने पर भी अपनी स्पष्ट राय अवश्य दें। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ठगबंधन में बढ़ते सहयोगियों से ज्यादा उम्मीद लगाये नहीं बैठी है। राज्य की जनता को पता है कि ठगबंधन के नेताओं के कितने रंग हैं।

# अपहृत छात्रा दिल्ली से बरामद, आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना पुलिस ने 40 दिनों बाद अपहृत छात्रा को दिल्ली से सकुशल बरामद किया है। मामले में आरोपित वाहिद को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक छात्रा को लेकर रांची से दिल्ली भाग गया था। बीते 31 मार्च को छात्रा के परिजनों ने डोरंडा थाना में वाहिद नाम के युवक के खिलाफ छात्रा का धर्मपरिवर्तन कर शादी की नियत से बहला फुसला कर अपहरण करने का मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस छात्रा की बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार छात्रा रांची के एक प्राइवेट संस्थान में ट्यूशन पढ़ती थी। इसी दौरान हिंदपीढ़ी का रहनेवाला वाहिद अक्सर अपने साथियों के साथ उसके साथ छेड़खानी और बहलाने फुसलाने का काम करता था। इसकी जानकारी जब छात्रा के पिता को मिली, तो उन्होंने बेटी को समझाया। उनकी बेटी हमेशा वाहिद से डरी सहमी रहती थी।

## सीएम हेमंत ने देखा प्रेजेंटेशन, दिये कई निर्देश

# राजधानी में 76 एकड़ भूमि में होगा झारखंड मेडिको सिटी का निर्माण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में 76 एकड़ जमीन में झारखंड मेडिको सिटी को विकसित किया जायेगा। पीपीपी मोड पर स्थापित होनेवाले मेडिको सिटी में लगभग चार से पांच हजार करोड़ रुपये का निजी निवेश होगा। वहीं, इस सिटी में 10 से ज्यादा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाये जायेंगे। मेडिको सिटी की स्थापना को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने 10 मई को अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने झारखंड मेडिको सिटी की कंसल्टेंसी एजेंसी अर्नेस्ट एंड यंग के प्रेजेंटेशन को देखा और कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रिनपास की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। ऐसे में जमीन का उचित इस्तेमाल हो। निवेशकों को उनकी जरूरत के हिसाब से अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दी जाये, इसका विशेष तौर पर ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी परिसर में कॉमन यूटिलिटी सर्विस- बिजली, पेयजल, सड़क, ड्रेनेज और सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए आधुनिकतम तकनीकों इस्तेमाल किया जाये, ताकि, देश-दुनिया के सामने इसे एक मॉडल मेडिकल हब के रूप में रख सकें।

### सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सर्विस की हो व्यवस्था

झारखंड मेडिको सिटी में पीपीपी मॉडल पर कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाये जायेंगे। इस संबंध में सीएम ने कहा कि ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सेवा होने से यहां की व्यवस्था संभालने वालों के साथ मरीजों को भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सेवा का सेटअप तैयार करें, ताकि, मरीजों को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस से लाकर संबंधित अस्पताल में एडमिट किया जा सके।

### मरीजों को बेहतर लाभ दिलाने के लिए प्रोफेशनल्स की लें सेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में अस्पताल समेत अन्य चिकित्सीय संस्थान स्थापित करने में कई निवेशकों ने इच्छा जतायी है। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहतर कदम है। यहां खुलनेवाले सभी अस्पताल और चिकित्सीय संस्थान होनेवाले अस्पताल बेहतर तरीके से संचालित हों। यहां के मरीजों को उसका बेहतर लाभ मिले, इसके लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की जरूरत है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन डायरेक्टर भुवनेश प्रताप सिंह, रिनपास की निदेशक डॉ जयन्ती सिमलाय, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएंवीरेंद्र प्रसाद सिंह और अर्नेस्ट एंड यंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### एक नजर में देखें कैसी होगी झारखंड मेडिको सिटी

- रिनपास रांची कि लगभग 76. 34 एकड़ जमीन में झारखंड मेडिको सिटी विकसित किया जायेगा।
- पीपीपी मोड पर स्थापित होनेवाले मेडिको सिटी में लगभग चार से पांच हजार करोड़ रुपये का निजी निवेश होगा।
- झारखंड मेडिको सिटी में 10 से ज्यादा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाये जायेंगे।
- यहां स्थापित होनेवाले सभी अस्पतालों में लगभग 5000 बेड की व्यवस्था होगी।
- झारखंड मेडिको सिटी में 7500 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और 22,500 से अधिक लोगों की परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।
- झारखंड मेडिको सिटी के विभिन्न अस्पतालों में 1100 से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक और 6500 पारा मेडिकल स्टाफ होंगे।
- यहां से प्रतिवर्ष लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का राजस्व सरकार को मिलेगा।
- मेडिको सिटी में पहले चरण में कार्डियोलॉजी, न्यूरोसाइंस, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, ओपेथोमोलोजी, पल्मनोलॉजी, मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ केयर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, नेफ्रोलॉजी तथा यूरोलॉजी से संबंधित मल्टी स्पेशलिटी सर्विस उपलब्ध होगी।
- यहां इमरजेंसी में मरीजों को एयर लिफ्ट करने के लिए हेलीपैड की भी व्यवस्था होगी।
- मेडिकल मॉल और डायग्नोस्टिक सेंटर, फिजिकल थेरेपी एंड रिहेबिलिटेशन, होटल और सर्विस अपार्टमेंट की भी सुविधा झारखंड मेडिको सिटी में मिलेगी।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पाने का सुनहरा मौका

**20 मई तक कर सकते हैं आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के पोस्ट मैट्रिक एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थी स्कॉलरशिप के लिए 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय ने इसके लिए आवेदन मांगा है। इसमें वैसे विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो पोस्ट मैट्रिक के बाद झारखंड राज्य या झारखंड राज्य के बाहर नामांकन ले चुके हैं या फिर नामांकन लेना चाहते हैं। विद्यार्थी अपना आवेदन 20 मई तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। 23 मई को संबंधित संस्थान के आइएनओ ने आवेदन पत्रों का सत्यापन करेगा। इसके बाद फाइनल सूची प्रकाशित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने 29 अगस्त 2022 को नया संकल्प जारी करते हुए पुरानी नियमावली में बदलाव किया था। इसके तहत कई नयी चीजों को इसमें जोड़ा गया। इस योजना से झारखंड के लाखों आदिवासी, दलित और ओबीसी स्टुडेंटस़ लाभान्वित होंगे। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम के तहत सभी तरह के प्रोफेशनल कोर्स में अध्ययन करने वाले स्टूडेंट्स को इसका लाभ मिलेगा, जिसमें मेडिकल, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स, मैनेजमेंट कोर्स, सीए, एम फील, पीएचइडी, एलएलबी, एलएलएम, सभी तरह के डिप्लोमा कोर्स, ग्रेजुएशन, मास्टर डिग्री, आइटीआइ कोर्स आदि सभी तरह के कोर्स शामिल हैं। इसमें एसटी, एससी और ओबीसी के ऐसे स्टूडेंट्स लाभ उठा सकते हैं, जिनके पारिवारिक आय अधिकतम 2.50 लाख रूपया है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थी के खाते में जायेगा।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# एसिड पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक नाबालिग को एसिड पिलाये जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। इसे शपथ पत्र दाखिल कर बतायें।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़ित के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में करायें। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मार्च माह में ही इचाक थाना ज्वाइन किया है, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अप-टू-डेट जांच रिपोर्ट अगली सुनवाई में कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 14 जून निर्धारित की है। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हजारीबाग में 13 साल की एक बच्ची को उसके परिचित ने जबरदस्ती एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गयी थी। बाद में एम्स पटना और रिम्स रांची में उसका इलाज हुआ था। वह दो महीने तक कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# हाइकोर्ट से हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में बुधवार को हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार और याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद भीखन गंझू को जमानत दे दी।

देश विरोधी गतिविधि और प्रतिबंधित हथियार रखने से जुड़े मामले में भीखन गंझू को कोर्ट से जमानत मिली है। भीखन गंझू के खिलाफ हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना में कांड संख्या 114 /2017 दर्ज है। प्राथमिकी में आइपीसी की धारा 385,387,34 और एआरएमएस एक्ट की धारा 27, सीएलए की धारा 17 और यूएपीए एक्ट की धारा 10 और 13 लगायी गयी है। रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है।

# झारखंड कैडर के छह आइपीएस ट्रेनिंग पर जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैडर के छह भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी मिड टर्म ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद जायेंगे। ट्रेनिंग 15 मई से शुरू होगी, जो तीन सप्ताह तक चलेगी। ट्रेनिंग पर जानेवालों में आइजी अभियान एवी होमकर, डीआइजी जैप सुनील भास्कर, डीआइजी सीआइडी एम तमिलवानन, डीआइजी कार्मिक विजयालक्ष्मी, डीआइजी एसीबी शैलेंद्र सिन्हा और जैप 2 के कमांडेंट इंद्रजीत महथा का नाम शामिल है।

# कोयला तस्करी रोकने के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में कोयला तस्करी रोकने के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। पलामू आइजी राजकुमार लकड़ा, बोकारो डीआइजी पटेल मयूर कन्हैया लाल, हजारीबाग डीआइजी नरेंद्र सिंह, चाइबासा डीआइजी अजय लिंडा और दुमका डीआइजी सुदर्शन मंडल नेतृत्व में यह उड़नदस्ता टीम बनायी गयी है।

सभी प्रमंडलीय क्षेत्र में उड़न दस्ता टीम में चार-चार दारोगा होंगे। इनके साथ एक- एक प्लाटून सशस्त्र बलों की तैनाती भी प्रत्येक दस्ते में रहेगी। साथ ही अवैध खनन की रोकथाम के लिए गठित उड़न दस्ते का नियंत्रण करनेवाले आइजी- डीआइजी को निर्देश दिया गया है कि नियंत्रण में प्रतिनियुक्त बलों को अवैध खनन के लिए गठित दस्ते के साथ छापेमारी में सहयोग के लिए भेजने के लिए कहा गया है।

# फरार दाहू यादव के पिता पशुपति ने कोर्ट से मांगी जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी दाहू यादव के पिता पशुपति यादव ने जमानत याचिका दाखिल की है। पशुपति यादव ने अपने अधिवक्ता के जरिये रांची पीएमएलए ( प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में बेल के लिए गुहार लगायी है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि पशुपति यादव को 21 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

### 7 मई को पुलिस ने दाहू यादव के घर में की थी कुर्की-जब्ती

बताते चले कि इससे पहले झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के घर की कुर्की-जब्ती की गयी थी। इडी कोर्ट से आदेश जारी होने के बाद 7 मई को पुलिस की टीम ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की थी। दाहू यादव और सुनील यादव कई बार सूचित किये जाने के बाद भी इडी के समक्ष पेश नहीं हुए, जिसके बाद पिछले माह इडी कोर्ट ने दोनों के घर की कुर्की-जब्ती करने का वारंट जारी किया था। दाहू यादव आखिरी बार 18 जुलाई 2022 को रांची के हिनू स्थित इडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुआ था। पेशी के बाद वह मां की बीमारी का हवाला देकर साहिबगंज लौट आया था। इसके बाद से अब तक वह इडी के रडार से बाहर है।

# याचिकाकर्ता को डीएमओ रामगढ़ के शपथ पत्र पर जवाब देने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन और अवैध माइनिंग से होनेवाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

मामले में जिला खनन अधिकारी (डीएमओ) रामगढ़ ने जवाब दाखिल कर प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी दी गयी। इसका याचिकाकर्ता ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार ने कोयला और लौह अयस्क के परिवहन से होनेवाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम नहीं उठाये हैं। इस पर कोर्ट ने डीएमओ के जवाब पर याचिकाकर्ता को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह ने पैरवी की। उनकी ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर की ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग और 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

# 15 मई से 10 जून तक भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान चलेगा

**प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा 15 मई से 10 जून तक आजीवन सहयोग निधि अभियान चलायेगी। हरमू स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। दीपक प्रकाश ने कहा कि संगठन के लिए धन संग्रह के लिए आजीवन सहयोग निधि अभियान चलाया जाता है। इस अभियान से पार्टी का संपर्क और सामाजिक जुड़ाव बढ़ता है। सहयोग निधि दाताओं के मन में राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण का भाव और मजबूत होता है।




### सबका साथ, सबका विकास पार्टी का मंत्र: बाबूलाल मरांडी

नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करती है।

कहा कि भाजपा अपनी नीतियों कार्यक्रमों के लिए जनता का सहयोग तो प्राप्त करती ही है साथ ही पार्टी की गतिविधियों के सफल संचालन के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ जनता से आर्थिक सहयोग भी प्राप्त करती है।

उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारा नारा नहीं बल्कि संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में देश की करोड़ों जनता एवं समर्पित कार्यकतोओं का योगदान है।

### जनता भाजपा को सहयोग करने के लिए तैयार : नागेंद्र

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों, पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा। लोग सशक्त भारत के लिए सशक्त भाजपा भी देखना चाहते हैं। इसलिए जनता न सिर्फ मतों के माध्यम से बल्कि भाजपा के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग भी बढ़ चढ़कर करना चाहते हैं। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं अभियान टोली के प्रदेश संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, देश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश टोली के सदस्य संजीव अग्रवाल, संजीव विजय वर्गीय, विनोद सिंह, गणेश तिवारी सहित सभी जिला अध्यक्ष, सभी जिला प्रभारी एवं अभियान की जिला टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

### न्यूज11 भारत के मालिक अरूप चटर्जी को मिली जमानत

रांची(आजाद सिपाही)। न्यूज11 भारत के मालिक अरूप चटर्जी को बुधवार को जमानत मिल गयी। जमानत मिलने के बाद अरूप चटर्जी धनबाद जेल से बाहर निकल गये। गौरतलब है कि बीते 17 जुलाई को धनबाद की पुलिस ने न्यूज 11 भारत के मालिक अरूप चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया था। अरूप चटर्जी की गिरफ्तारी कांके रोड स्थित उनके फ्लैट से की गयी थी।

## ट्रक ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति और बच्चा घायल

# स्थानीय लोगों ने किया सड़क जाम, जमकर काटा बवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के नई सराय स्थित डीवीसी के निकट बुधवार को सरिया लदा ट्रेलर संख्या बीआर 02 जीए 8837 ने बाइक संख्या जेएच 01डीएम 6802 पर सवार एक परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सवार महिला सड़क के बीचों बीच गिर गई। इसी बीच पीछे से आ रही सरिया लदा ट्रेलर ने अपनी चपेट में लिया लिया। जिससे महिला की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि बाइक में सवार उसका पति और डेढ़ साल का बच्चा घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने नई सराय सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और जमकर बवाल काटा। आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर ट्रक के शीशे तोड़ डाले और



पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार और अंचल अधिकारी सुधीर कुमार घटना स्थल पहुंचे और लोगों समझाया। बावजूद लोगों ने जमकर बवाल काटा, लोगों का कहना था कि जब तक मुआबजा नही मिलता है तब तक सड़क जाम रहेगा। अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटवाया, इसके बाद यातायात सुचारु रुप से चालू हो सका।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार भुरकुंडा थाना क्षेत्र के महुआ टोला निवासी शहादत हुसैन अपनी पत्नी सबीना खातून और डेढ़ साल के बच्चे के साथ रांची रोड स्थित एक अस्पताल में अपने परिजनों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान रामगढ़-रांची रोड मार्ग डीवीसी के पास सरिया लदे ट्रक बीआर 02 जीए 8837 ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी।

## पूर्व मेयर आशा लकड़ा के पिता का रिम्स में निधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची की पूर्व मेयर डॉ आशा लकड़ा के पिता हरिचरण का निधन बुधवार को रिम्स में हो गया। उनके पिता कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार मेयर के पिता का अंतिम संस्कार गुमला के चुरगू गांव में किया जायेगा। दिवंगत का पार्थिव शरीर रिम्स से गुमला के लिए रवाना हो चुका है। वहीं, उनके पिता के निधन पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## 12 मई से लेगी ट्रेनिंग

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस को साइबर क्राइम की रोकथाम और अनुसंधान सहित अन्य विषयों पर विशेषज्ञ ट्रेनिंग दी जायेगी। इसके लिए सीआइडी मुख्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। ट्रेनिंग 12 से 16 मई तक होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में दी जायेगी।

## इंटरनेशनल ओलंपियाड मैथेमेटिक्स प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का अभूतपूर्व प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** एसओएफ द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड मैथेमेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के 64 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें अर्णव कुमार- इंटर नेशनल सिल्वर मेडल विवान जैन - जोनल ब्रान्ज मेडल तेजस, विवान जैन, रेचल चन्दन, अर्णन कुमार, आयुष्मान वर्मन, पुंद्रिक पांडेय, आरोही जायसवाल, अर्णन सिंह, अयान प्रसाद, हंसल परमार- मेडल ऑफ डिस्टिंकशन तथा अन्य छात्रों ने कक्षा में प्रथम स्थान लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी रहें, इसके लिए उनका शिक्षण के प्रति रुझान और निष्ठा अत्यावश्यक है। शारदा ग्लोबल स्कूल अपने विद्यार्थियों की सतत उन्नति में हर कदम उनके साथ है, ताकि वे जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति पथ के अनुयायी बन सकें। प्राचार्या ने छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट्स देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# वित्त मंत्री से मिला पासवा का प्रतिनिधिमंडल

**रांची (आजाद सिपाही)।** बुधवार को गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए जमीन की बाध्यता कानून और पिछली सरकार द्वारा लागू 2019 आरटीआई संशोधन कानून को निरस्त करने की मांग सहित कई अन्य मांगो को लेकर झारखंड प्रदेश पासवा का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मिला। प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान वित्त मंत्री के समक्ष कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए नियम, कानून बनाए जाने के संदर्भ में और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं की कक्षा 1 से 8 तक की छात्राओं को छात्रवृत्ति दिए जाने की मांग को लेकर अलग अलग ज्ञापन



सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में पासवा के संजय प्रसाद, शुभोजित अधिकारी, राशीद अंसारी, मोजाहिद इस्लाम, अल्ताफ अंसारी व मेंहुल दूबे उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने पासवा द्वारा उठाये गये मुद्दे पर अपनी सहमति जताई है और कहा है कि सरकार आपके साथ है। वहीं पासवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 15 मई को पासवा का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा सचिव के. रवि कुमार से मिलकर चर्चा करेगा।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्सट्रावेगेंस- 2023 का उद्घाटन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में 10 मई को समर कैंप एक्सट्रावेगेंस- 2023 का उद्घाटन प्रधानाचार्या परमजीत कौर द्वारा किया गया। यह एरोबिक्स, कोडिंग, रोबोटिक्स, कला और शिल्प, तायक्वोंडो, जुंबा, गायन और वाद्य संगीत, राइफल शूटिंग, नृत्य, क्रिकेट, शतरंज, बास्केटबॉल, अबेकस, एनसीसी और स्काउट्स जैसी मजेदार गतिविधियों से भरा एक सप्ताह का लंबा शिविर है। विभिन्न गतिविधियों के लिए 500 से अधिक छात्रों ने नामांकन किया है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने समर कैंप के प्रतिभागियों को सप्ताह भर चलने वाली मजेदार गतिविधियों के दौरान एक नया कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या परमजीत कौर छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से रोमांचित थीं और उन्होंने छात्रों को उनके समग्र विकास के लिए इस तरह की और गतिविधियां करने के लिए प्रेरित किया।

## झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी और डीएसपीएमयू के बीच एमओयू



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के बीच दिनांक- 10 मई को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इसके तहत शैक्षणिक कार्यक्रमों को अपनाना और आदान-प्रदान करना शमिल है। इसके अलावा शैक्षाणिक और ओडीएल क्षेत्रों मेंअनुसंधान और विकास सहयोग, राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी, सम्मेलनों, विशेष प्रदर्शनियों और संबंधित स्थानों पर होनेवाले समान कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए एक-दूसरे की सहायता करना, ओइआर और एमओओसी के प्रचार के लिए संयुक्त सहयोग करने समेत कई अन्य बातें शामिल हैं। इस एमओयू पर जेएसओयू के रजिस्ट्रार प्रो डॉ घनश्याम कुमार सिंह और डीएसपीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ नमीता सिंह ने हस्ताक्षर किया। मौके पर डीएसपीएमयू के वीसी प्रो डॉ तपन शांडिल्य, जेएसओयू के वित्त पदाधिकारी डॉ बरूण कुमार मंडल भी मौजूद थे।

# दी क्यूरेस्टा हॉस्पिटल: स्वास्थ्य सेवा के बेमिसाल एक साल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दी क्यूरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली ने स्वास्थ सेवा मे सफलता पूर्वक पूरा किया एक साल का सफर। एक साल पहले आज ही के दिन उचित कीमत पर बेहतर स्वास्थ सेवा प्रदान कराने के संकल्प के साथ अस्पताल की शुरुवात की गयी थी। क्यूरेस्टा ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने कहा कि अस्पताल की शुरुआत उन्होंने एक लक्ष्य के साथ किया था कि किसी भी मरीज का उपचार पैसों के अभाव मे ना रुके और हर वर्ग के लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जा सके।

उन्होंने कहा कि एक साल में ही बेहतर स्वास्थ सेवा, प्रख्यात डॉक्टर्स की टीम और मरीजों मे बढ़ते विश्वास के साथ दी क्यूरेस्टा हॉस्पिटल ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है लेकिन उड़ान अभी बाकी है। मरीजो मे बढ़ते विश्वास को देखते हुए एक साल के अंदर दो और अस्पताल



की शुरुवात की गई, पहला इरबा स्थित क्यूरेस्टा ग्लोबल एसीएमएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल और नवादा स्तिथ धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल। सफलता पूर्वक एक साल पूरा करने के उपलक्ष्य पर असपताल परिसर मे सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ कर्मियों की उपस्थिति मे केक काट कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चेयरमैन अविनाश कुमार ने उपस्थित सभी डॉक्टर्स एवम हॉस्पिटल स्टाफ की प्रसंशा की और साथ ही उन्हें और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दी क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडीकल डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन डॉ घनश्याम सिंह के जानकारी दी कि एक साल के भीतर बीस हजार से ज्यादा मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। 1500 से ज्यादा सफलतापूर्वक जटिल सर्जरी की गई जिसमे न्यूरोसर्जरी, ट्रॉमा, आर्थोपेडिक, लेप्रोस्कोपिक और जेनरल सर्जरी के केसेस थे।

मरीजों की सुविधा हेतु 24 घंटे क्रिटल केयर और एंबुलेंस सेवा उपलब्ध है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के अभी डॉक्टर्स एवम स्वास्थ कर्मियों के साथ-साथ क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर सावन शिवेश, एसोसिएट डायरेक्टर ड्राविन सिंह उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की एक बैठक बोकारो जिला परिसदन में प्रदेश प्रभारी उमैर खान और प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी की मौजूदगी में प्रदेश पदाधिकारियो और जिला अध्यक्ष की हुई ये मीटिंग अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की 28 मई को होने वाली जनसभा की तैयारी के सिलसिले में हुई बैठक में जनसभा को सफल बनाने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई तथा एक वाररूम भी बोकारो जिला के सिवंडीह में कार्यक्रम की सफलता के लिए बनाया गया जो प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची के सीधे संपर्क में रहेगी।

जनसभा में लगभग 50 हजार लोगो के शामिल होने की संभावना है बैठक में प्रभारी ने कहा की सभी के सहयोग से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग झारखंड से एक बेहतर संदेश पूरे भारत में देने का कार्य करेगी, आगे उन्होंने कहा की। इस बैठक में



प्रदेश उपाध्यक्ष खालिद खान,सगीर अंसारी, अब्दुल करीम अंसारी,सरदार संतोष सिंह, महासचिव इसराफिल अंसारी,तारिक अंसारी, इरफान चौधरी, सराफात अंसारी, अयूब अंसारी, मोहम्मद जिन्ना अंसारी जिला अध्यक्ष में चास नगर अध्यक्ष जमीलअख्तर, रांची महानगर अध्यक्ष अख्तर अली ,हजारीबाग अध्यक्ष तस्लीम अंसारी बोकारो अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, धनबाद अध्यक्ष जाहिर अंसारी, एससी मोर्चा धनबाद के पिंकू दास,मंजूर आलम,बाबू अंसारी, के अलावा बड़ी तादाद में अल्पसंख्यक कांग्रेस के नेता मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता को मिली जान से मारने की धमकी, दर्ज कराया सनहा

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र कुमार उर्फ बेनी को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी एक खत के द्वारा दी गयी है। खत कांग्रेस पार्टी सीटी ऑफिस रांची के पते पर 04 मई को पहुंचा है। इस संबंध में योगेंद्र सिंह बेनी ने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक से मिल कर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। वहीं उन्होंने लालपुर थाना में इस मामले को लेकर सनहा दर्ज कराया है। घटना की जानकारी देते हुए योगेंद्र सिंह बेनी ने कहा कि सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को भी धमकी मिल रही है। हम लोग सामाजिक कार्य में लगे रहते है। हम लोगों की जान माल की सुरक्षा पुलिस प्रशासन को देखनी है । जब से यह धमकी भरा खत मुझे मिला है हम और मेरा पूरा परिवार दहशत में है। कहीं आने जाने में भी डर लगा रहता है। प्रशासन से मांग करते है कि मेरी जान माल की सुरक्षा की जाय। साथ ही जल्द से जल्द मामले की जांच कर खत भेजने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही की जाये।

## सेंट्रल एकेडमी बरियातू और कांके रोड सेंट्रल एकेडमी के बच्चों ने समर कैंप का मजा लिया

**रांची (आजाद सिपाही)।** बुधवार को सेंट्रल एकेडमी



ने एसएस इवेंट एंड मैनेजमेंट के तत्वावधान में वाइल्ड वादी वाटर पार्क में गर्मी का लुफ्त उठाने, बच्चों के मनोरंजन सह भौतिक और सामाजिक ज्ञान की वृद्धि के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के पश्चात सेंट्रल एकेडमी बजाती और कांके रोड में एसएस इवेंट मैनेजमेंट एंड सर्विसेस को धन्यवाद दिया गया। इस दौरे के लिए शशिकांत पाठक और निरंजन सिंह एसएस इवेंट सर्विस सेंस के डायरेक्टर ने इस अभूतपूर्व दौरे के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com

**कोर्ट नोटिस**

**पत्र क्रमांक 146/2023.**
**न्यायालय, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय, रांची**
**मिसलेनियस वाद संख्या - 66/2021. (R)**
Arising out. M.W. Case no. 03/2012
रामचन्द्र रजवार, एवं अन्य, द्वारा (अंजनी कुमार पांडेय)........... आवेदक।
**वनाम्**
चेयर मैन, झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड, रांची एवं अन्य, रांची, ........... विपक्षी।
**नोटिस वनाम्**
1. आई. भी. सी. एल.
आशोक नगर, रोड नंबर 4
पोस्ट-डोरंडा, जिला - रांची।
आपको इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध उपर वर्णित मेरे न्यायालय में वाद दायर किया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक **16.05.2023** को समय 10:30 बजे निर्धारित है ।
अतः आप नियत समय एवं तारीख को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी पैरवी एवं कारण पृक्षा (Show-Cause) करें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई किया जाएगा।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक **28.04.2023** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
ह./-
**पीठासीन पदाधिकारी**
**श्रम न्यायालय, रांची**

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम का विधि पोर्टल लांच, मुकदमों की जानकारी सरलता से मिलेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट परिसर के महाधिवक्ता कार्यालय लाइब्रेरी में आयोजित एक समारोह में झारखंड ऊर्जा विकास निगम के विधि पोर्टल की लांचिंग महाधिवक्ता राजीव रंजन और ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सह अध्यक्ष जेवीएनएल अविनाश कुमार की उपस्थिति में किया गया। पोर्टल के माध्यम से मुकदमों को कैसे डिजिटलाइजेशन के माध्यम से सुगम बनाया जा सकता है। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने ऊर्जा विकास निगम के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से याचिकाकर्ता अपने केस स्टेटस को देख सकते हैं, साथ ही सरलता से मामलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पद्मश्री एचसी वर्मा का डीएसपीएमयू में व्याख्यान का पहला दिन

# मुस्कारायें कि आप साइंस पढ़ रहे हैं: प्रो एचसी वर्मा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और कांसेप्ट ऑफ फिजिक्स के लेखक और प्रसिद्ध शोधकर्ता हरिश्चंद्र वर्मा ने दिनांक 10 और 11 मई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यानमाला के तहत बुधवार को पहले दिन शिक्षाविदों के साथ मेरा दिव्य अनुभव... सीखने की खुशी विषय पर अपना व्याख्यान दिया। विश्वविद्यालय के आइकेयूएसी और भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में प्रो वर्मा ने काफी रोचक तरीके से विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत और द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



मुख्य अतिथि उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के सचिव राहुल कुमार पुरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय, रांची के द्वारा इस प्रकार के व्याख्यान माला की पहल प्रशंसनीय है। खास तौर पर प्रो एचसी वर्मा जैसे लब्ध विद्वान से इसकी शुरूआत करना। उन्होंने आगे कहा कि उनकी यह अपेक्षा रहेगी कि विश्वविद्यालय इसी तर्ज पर अन्य विषयों के लिए भी इस प्रकार की व्याख्यान माला का आयोजन करे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि शोध और अन्य अकादमिक गतिविधियों को उसकी पूर्णता तक पहुंचाया जाये। मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रो एचसी वर्मा ने सरल जीवन शैली का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को काफी रोचक तरीके से विज्ञान के अध्ययन को सामान्य घरेलू प्रयोगों के द्वारा प्रमाणित करने पर बल दिया। उन्होंने अपने द्वारा संचालित किये जानेवाले नेशनल अन्वेशिका एक्सपेरिमेंटल स्किल टेस्ट। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस दो दिवसीय कार्यशाला को अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह होना है कि इस लब्ध प्रतिष्ठित, पद्मश्री प्राप्त विद्वान की अकादमिक श्रेष्ठता से न सिर्फ हमारे विश्वविद्यालय के शिक्षक लाभान्वित हों, बल्कि अन्य विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के संबंधित विषय के शिक्षक और विद्यार्थी के अलावा विद्यालयों की 12वीं कक्षा के शिक्षक और विद्यार्थी भी इसका लाभ उठा सकें। कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, पटना के भौतिकी विज्ञान के एसोसिएट प्रो डी संतोष कुमार ने सोपान के द्वारा विद्यार्थियों के हित में संचालित किए जा रहे प्रो एचसी वर्मा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह देश में अपने तरह का पहला प्रयास है, जिसकी जितनी सराहना की जाये, वह कम है। मंच संचालन डॉ विनय भरत और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अभय कृष्ण सिंह ने दिया। मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद मिश्रा समेत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के शिक्षक, रांची विश्वविद्यालय के शिक्षक और विश्वविद्यालय तथा विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**Expression of Interest**

Ranchi University, Ranchi invites the eligible bidders to submit their Expression of Interest (EOI) for providing renovation/interior work including installation of furnitures in the Vice Chancellor's office chamber and conference Hall, Ranchi University at R.U. administrative Building, Shahid Chowk, Ranchi in accordance with the conditions and manner prescribed in this Expression of Interest bid document.

Envelope containing tender should be clearly marked as "EOI for providing renovation/interior work including installation of furnitures of Vice Chancellor's office chamber and conference Hall, Ranchi University at R.U. administrative Building, Shahid Chowk, Ranchi". The tender document can be purchased from the office of CCDC, Ranchi University, Ranchi on any working days from 11.05.2023 to 20.05.2023 between 10.30 am to 4.00 p.m. on payment of Rs.5000.00 (Rupees Five Thousand Only) by non refundable demand draft in the favour of "Registrar, Ranchi University", payable at Ranchi.

The tenders can be submitted until 2.00 p.m. on 20.05.2023.in the office of CCDC, Ranchi University and will be opened on the same date at 3.30 p.m. Details of document can also be seen at University website www.ranchiuniversity.ac.in.

**By order of the Vice Chancellor**
**Sd/-**
**Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

**Memo No.** : PL/530-32/23
**Dated** : 10.05.2023

# फिल्म पर बैन गलत

एक बार फिर किसी एक फिल्म को लेकर देश की राजनीति दो हिस्सों में बंटी नजर आ रही है। मामला 'द केरल स्टोरी' का है जिसमें साजिशन धर्मांतरण करवाकर लड़कियों को आतंक के जाल में फंसाने का मुद्दा उठाया गया है। फिल्म में इस विषय को कितने अच्छे या बुरे ढंग से दिखाया गया है, यह एक अलग सवाल है। इसके चित्रण की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं तो उसकी तारीफ भी की जा रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान इस फिल्म का जिक्र किया और इसमें उठाए गए मुद्दे की गंभीरता की ओर लोगों का ध्यान खींचा। दूसरी तरफ विपक्षी नेताओं का आरोप है कि फिल्म में काल्पनिक बातों को सच्ची घटनाओं पर आधारित बताते हुए पेश किया गया है, जिसका मकसद केरल के समाज को बदनाम करना है। मगर ये आरोप-प्रत्यारोप और शिकवा-शिकायतें अपनी जगह हैं। देश में कानून का शासन है और उसका सम्मान सरकार तथा शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ सभी को करना चाहिए। अफसोस की बात है कि हमारी सरकारें भी अक्सर राजनीतिक हानि-लाभ की चिंता में महत्वपूर्ण संस्थाओं के अधिकार क्षेत्रों और उनकी मान-मर्यादा का ख्याल छोड़ देती हैं। पश्चिम बंगाल सरकार का 'द केरल स्टोरी' को बैन करने का फैसला इसी श्रेणी में आता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए आदेश जारी कर दिया कि राज्य के किसी भी सिनेमाघर में यह फिल्म प्रदर्शित नहीं की जाएगी। लेकिन यह फिल्म यूं ही सिनेमाघरों तक नहीं पहुंची है।

**इन दिनों केरल में लव जिहाद पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी' काफी चर्चा में है। बीजेपी शासित कई राज्यों ने फिल्म को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया है, तो पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने राज्य में फिल्म को बैन कर दिया। इसके बाद फिल्म को लेकर विवाद और बढ़ गया।**

फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने उचित प्रक्रिया के तहत उसका परीक्षण करने के बाद बाकायदा उसे ए सर्टिफिकेट प्रदान किया है। उसके बाद भी फिल्म का प्रदर्शन रुकवाने के तमाम कानूनी प्रयास किए गए जो नाकाम रहे। केरल हाईकोर्ट ने फिल्म का प्रदर्शन रोकने का अनुरोध ठुकरा दिया। सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में हाईकोर्ट को निर्देश देने की अपील खारिज कर चुका है। इस सबके बाद भी अगर कोई राज्य सरकार कहती है कि फिल्म दिखाए जाने से उसके यहां कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है तो सवाल उस राज्य में कानून-व्यवस्था मशीनरी की कुशलता पर उठता है। यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह सेंसर बोर्ड से मंजूर की गई फिल्में देखने का अपने नागरिकों का अधिकार छिनने न दे। तमिलनाडु सरकार ने फिल्में न दिखाने का ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया, लेकिन वहां भी फिल्म प्रदर्शित नहीं हो सकी, जिसे बीजेपी राज्य सरकार की परोक्ष दादागीरी बता रही है। बहरहाल, दक्षिणपंथी दल और संगठन इस मामले में पहले से बदनाम रहे हैं। हर छोटे-बड़े मुद्दे को अपनी धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं का अपमान बताने का ट्रेंड हम हाल के वर्षों में देखते रहे हैं। अफसोस यह है कि खुद को लेफ्ट लिबरल दायरे में रखने वाले लोग भी कोई बेहतर उदाहरण नहीं पेश कर पा रहे।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**रांची में दूसरे आइएएस छवि रंजन की गिरफ्तारी के बाद फिर ब्यूरोक्रेसी में फैले भ्रष्टाचार का मामला चर्चा में है। इस बार झारखंड की उद्योग और खान सचिव पूजा सिंघल के बाद रांची के पूर्व उपायुक्त के रूप में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे छवि रंजन चर्चा की वजह बने हैं। सीनियर आइएएस ऑफिसर पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय ने आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पहले ही गिरफ्तार किया था।**

# भ्रष्ट आइएएस अधिकारियों की बढ़ती संख्या से नौकरशाही की गिरती प्रतिष्ठा



**सुनील बादल**

रांची में दूसरे आइएएस छवि रंजन की गिरफ्तारी के बाद फिर ब्यूरोक्रेसी में फैले भ्रष्टाचार का मामला चर्चा में है। इस बार झारखंड की उद्योग और खान सचिव पूजा सिंघल के बाद रांची के पूर्व उपायुक्त के रूप में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे छवि रंजन चर्चा की वजह बने हैं। सीनियर आइएएस ऑफिसर पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय ने आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पहले ही गिरफ्तार किया था। इसके पहले उनके सीए सुमन कुमार सिंह के घर से 19 करोड़ रुपये की कैश बरामदगी हुई थी। इडी की कार्रवाई में करीब 200 करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े कागजात भी बरामद किये गये थे। एक आइएएस अधिकारी के पास इतनी अकूत संपत्ति होना चौंकाने वाली बात है, क्योंकि वह अपने 30-35 साल के करियर में सैलरी के दम पर कभी भी इतनी संपत्ति अर्जित नहीं कर सकता है। पीएमएलए के तहत अपनी जांच शुरू करने के लिए संघीय जांच एजेंसी ने संबंधित नागरिक अधिकारियों द्वारा दर्ज कुछ जाली व्यक्तिगत पहचान दस्तावेजों के बारे में पुलिस प्राथमिकी का संज्ञान लिया।

**पुराने रिकॉर्ड देखे जायें, तो पिछले छह साल में 3464 शिकायतें आइएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत प्राप्त हुई हैं।**

असल में छवि रंजन और पूजा सिंघल का मामला उस भ्रष्ट सिस्टम का एक मामला है, जिसका इस बार खुलासा हुआ है। लेकिन अगर पुराने रिकॉर्ड देखे जायें, तो पिछले छह साल में 3464 शिकायतें आइएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत प्राप्त हुई हैं। अहम बात यह है कि शिकायतों के मामले हर साल बढ़ते गये हैं। मसलन जहां 2015-2016 में 380 आइएएस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई, वह 2019-20 में करीब दोगुनी होकर 753 तक पहुंच गयी।



**ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट 2021 के अनुसार दुनिया के 180 भ्रष्ट देशों में भारत का 85वां स्थान है। ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल भ्रष्टाचार के तहत घूस, सार्वजनिक राशि का दुरुपयोग, अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग, सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार को रोकने में सरकार की क्षमता, सिविल सेवाओं में भाई-भतीजा वाद आदि पैमानों के आधार पर रैंकिंग तैयार करती है।**

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 10 मार्च 2021 को लोकसभा में दिये गये जवाब के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 से फरवरी 2021 तक आइएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत कुल 3464 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसमें सीबीआइ द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस अवधि में 44 आइएएस और 12 आइपीएस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किये गये हैं, जबकि इस अविध में 43 आइएएस और 17 आइपीएस अधिकारियों के खिलाफ केंद्र सरकार ने कार्रवाई की है।

| | |
|---|---|
| 2020-21 (फरवरी 2021 तक) | 581 |
| 2019-20 | 753 |
| 2018-19 | 643 |
| 2017-2018 | 623 |
| 2016-2017 | 484 |
| 2015-2016 | 380 |

ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट 2021 के अनुसार दुनिया के 180 भ्रष्ट देशों में भारत का 85वां स्थान है। ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल भ्रष्टाचार के तहत घूस, सार्वजनिक राशि का दुरुपयोग, अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग, सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार को रोकने में सरकार की क्षमता, सिविल सेवाओं में भाई-भतीजा वाद आदि पैमानों के आधार पर रैंकिंग तैयार करती है।

**अब तक क्या हुई कार्रवाई की बात करें तो**

| | | |
|---|---|---|
| अभियोजन की मंजूरी | 26 | 3 |
| सेवा से बर्खास्तगी | 2 | 2 |
| अनिवार्य सेवानिवृत्ति | 1 | 1 |
| वेतन के निचले स्तर पर अवनति | | 1 |
| पेंशन में कटौती | 2 | 10 |
| पेंशन पर रोक | | 11 |
| निंदा | | 1 |

भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे अधिकारियों की लिस्ट लंबी और कई को तो जेल की हवा भी खानी पड़ी है। साल 1996 में उत्तरप्रदेश आइएएस एसोसिएशन ने अपने एक सर्वेक्षण में अखंड प्रताप सिंह को कथित रूप से सबसे भ्रष्ट आइएएस अधिकारी बताया था। हालांकि उनको सत्ता का वरदहस्त हासिल रहा, लेकिन रिटायरमेंट के बाद उन्हें सीबीआइ जांच का सामना करना पड़ा।

उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव नीरा यादव का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। नोएडा भूमि आवंटन घोटाले मामले में नीरा यादव को 2012 में सीबीआइ अदालत ने दोषी ठहराया था और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अगस्त 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने दो साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। छत्तीसगढ़ के आइएएस अधिकारी बाबूलाल अग्रवाल के खिलाफ इडी ने कार्रवाई की थी, तब वह कृषि विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसी तरह एसीबी ने साल 2016 में आंध्रप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के परिवहन आयुक्त ए मोहन के पास से अकूत संपत्ति होने का केस दर्ज किया था।

वैसे सिर्फ नौकरशाही को भ्रष्ट नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वे इस तंत्र के एक महत्वपूर्ण पुर्जे की तरह होते हैं, जो फैसले लेते हुए दिखते हैं, पर असल फैसले वे नहीं करते, बल्कि पूरे तंत्र का नेतृत्व करने वाले नेता लेते हैं। जो एक ओर इन्हें बढ़ावा देते हैं, तो दूसरी ओर इमानदार को किनारे कर देते हैं। दूसरी तरफ पब्लिक सर्वेंट के दर्जे वाली नौकरशाही दबंग मालिक की भूमिका में है, जिसमें भ्रष्ट नेताओं की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार को प्रशासनिक सुधार के सुझावों जिसमें न्यूनतम अवधि के पहले अकारण ट्रांसफर, सेवा का अधिकार के तहत हर काम को समयबद्ध करना और एल वन को काम के बजाय निर्धारित दर पर गारंटीयुक्त कार्य जैसे सख्त कदम उठाना चाहिए और आरोपियों को विशेष अदालतों में मामले की सुनवाई और सेवा समाप्ति जैसे कड़े कदम शामिल हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# कपाली में मंत्री हफीजुल हसन ने मदरसा फैजूल उलूम की दूसरी शाखा का किया शिलान्यास



**कहा- 100 बेड का बनेगा हॉस्टल, छात्र-छात्राओं को होगी सहूलियत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो से सटे कपाली में बुधवार को मदरसा फैजुल उलूम की दूसरी शाखा का शिलान्यास हुआ। इस मदरसे का नाम इंटरनेशनल एजाज एकेडमी रखा गया है। यहां छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से रूबरू कराया जाएगा, ताकि वह प्रतियोगी परीक्षाओं में मकाम हासिल कर सकें। यहां आठ से कक्षा 12 तक की पढ़ाई होगी। इसका शिलान्यास अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी और इचागढ़ की विधायक सविता महतो के कर कमलों से हुआ। शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि मदरसे के साथ ही यहां 100 बेड का हॉस्टल भी बनेगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने इसके लिए फंड दिया है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की धरती अल्लामा अरशदुल कादरी की कार्य स्थली रही है।

उन्होंने यहां शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया है। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी इस मदरसे के निर्माण में सहयोग करेंगी। उनके विधायक फंड से भी राशि मिलेगी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण आयोग से जो रकम मिलेगी वह बाद में मिलेगी। उससे पहले विधायक फंड से रकम मिल जाएगी। क्योंकि विधायक फंड से रकम मिलने की प्रक्रिया आसान है। इस मौके पर ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने कहा कि वह जल्दी ही कपाली में नाली सड़क का काम करवाएंगी। जिस इलाके में मदरसा फैजुल उलूम की दूसरी शाखा का शिलान्यास हुआ है। उस इलाके का आज नामकरण भी किया गया। मंत्री ने इसका नामकरण अरशद नगर किया है। अरशद नगर अल्लामा स्व. अरशद उल कादरी के नाम पर ही किया गया है। अंतरराष्ट्रीय एजाज एकेडमी में छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा दी जाएगी। इस मौके पर हिदायत खान, अजमेरी खान, बबन राय आदि भी मौजूद थे।

# सेवा ही लक्ष्य संस्था ने टैंकर से पानी का किया वितरण

**संस्था लगभग 30 हजार लीटर प्रतिदिन पानी पहुंचाने का काम कर रही है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सेवा ही लक्ष्य संस्था के अध्यक्ष मानिक मल्लिक व जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक के नेतृत्व में जनसेवा के भाव से सेवा जारी है। बुधवार को भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था ने ग्रामीण क्षेत्र में दो निजी टैंकर से सेवा भाव से विभिन्न जगह पर निशुल्क शुद्ध पानी जनता तक पहुंचा रही है। मौके पर संस्था के अध्यक्ष मानिक मलिक ने बताया स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए संस्था ने लगभग 30 हजार लीटर प्रतिदिन पानी पहुंचाने का काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल लोगों को मिल सके। उन्होंने बताया गर्मी आते ही क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न होती है। जिसे देखते हुए संस्था ने निजी खर्चा से हरहरगुट्ठू, रानीडीह, मतलाडीह, बेड़ाडीपा, करनडीह, किताडीह, बागबेड़ा, परसुडीह, सपोडेरा, शंकरपुर क्षेत्र में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम कर रही है।

# विहिप नेता के आवास पहुंचे विधायक सरयू राय, परिजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विहिप नेता भोला लोहार के माता के निधन होने की सूचना पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उनके बमामाईंस कैरेज कालोनी स्थित आवास पहुंचे। बुधवार को विधायक विहिप नेता के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। वहीं विहिप नेता भोला लोहार की मां का निधन के बाद अंत्येष्ठि में शामिल होने के लिए भोला लोहार को मंगलवार के दिन जेल से पेरोल पर रिहा किया गया। श्री राय ने कहा दुख कि इस दुख की घड़ी में वे भोला लोहार एवं परिजनों के साथ खड़े हैं। मौके पर भाजमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, बमामाईंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, राजकुमार सिंह, दुर्गेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# इस्लामनगर मस्तान शाह बाबा मजार गली के समीप युवक ने की आत्महत्या



कपाली। सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत इस्लामनगर मस्तान शाह बाबा मजार गली के समीप रहने वाले 24 वर्षीय मोहम्मद इस्माइल उर्फ मोहम्मद विक्की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को घटना की जानकारी मिलते ही कपाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल युवक आत्महत्या क्यों की इसका खुलासा नहीं हो सका। बताया जा रहा है मृतक पेंटिंग का काम करता था। मृतक दो भाई एक बहन है। मृतक के पिता शादी समारोह में पश्चिम बंगाल गए हुए थे। घर पर मां, छोटा भाई और बहन थी। परिजनों ने जैसे ही इस्माईल को फंदे से झूलता देखा आनन- फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सोनुवा में बोलेरो ने टोटों को मारी टक्कर, दो महिलाओं सहित तीन घायल

**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** चक्रधरपुर अनुमंडल में सोनुवा के रामचंद्रपुर के पास बोलेरो पिकअप ने टोटों को टक्कर मारी दी, जिससे महिला घायल हो गयी। जिसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। घायल महिला प्रखंड के लावडिया गांव की निवासी बतायी जाती है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाजार कर प्रीति कांडेयांग व आशा कांडेयांग टोटो से घर लौट रही थी। इस दौरान सोनुवा की तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने ठोकर मार दी। जिससे चालक समेत दोनों महिलाएं घायल हो गयीं।

# आदित्यपुर थाना क्षेत्र में दो लाख से भी अधिक आबादी, थाना प्रभारी की पहल से पुलिस सूझबूझ से कर रही कार्य

**अपराधियों के खिलाफ लगातार की जा रही है कार्रवाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी राजन कुमार की पहल पर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। लगभग 2 लाख की घनी आबादी वाली क्षेत्र में 20 से भी अधिक एस आई एवं सशस्त्र बल पूर्व में मौजूद रहते थे। लेकिन उनकी कटौती होने से अब के पुलिस की कमी दिखने लगी है। पुलिस की गस्ती भी धीमी होते जा रही है। पूर्व में 18 से भी अधिक टाइगर मोबाइल क्षेत्र में दिन और रात्रि बेला में गस्ती करते रहते थे। अब टाइगर मोबाइल में कमी होने का अनुमान लग रही है। वही क्षेत्र के कुख्यात अपराधी संतोष थापा, सागर लोहार, टुन लोहार, भट्टा लोहार, मोतीलाल बिसोइ, बबलू दास, चंदन डेविड, पेटू प्रमाणिक लगभग सारे हिस्ट्रीशीटर अपराधी जमानत पर बाहर हैं। आदित्यपुर थाना प्रभारी की मुस्तैदी, होशियारी एवं अच्छे कार्यों से क्षेत्र की जनता के बीच अलग पहचान प्राप्त है। वहीं कुछ दिन पूर्व ढाई लाख के अवैध शराब सापरा मोड़ से जप्त किया गया था। 70 पेटी अवैध शराब माझी टोला से जप्त किया गया। साथ ही कुछ दिनों बाद ब्लड शुगर के माफिया के पास से 320000 कैश एवं पांच लाख लागत की ब्राउन शुगर जप्त कर एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उसके बाद भी थाना प्रभारी के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बर्तमान में थाना में सिपाही की कमी खल रही है। फिलहाल थानेदार के द्वारा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी, हत्या, अवैध कारोबार में कमी आई है।

# नाबालिग की मौत मामले में एसपी आनंद प्रकाश की हुई गवाही

**सरायकेला बालमित्र थाना कक्ष के बाथरूम में नाबालिग की मौत का मामला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** बीते दिनों सरायकेला बालमित्र थाना कक्ष के बाथरूम में नाबालिग की मौत मामले को लेकर गठित न्यायिक जांच मामले में बुधवार को एसडीजेएम एसके पिंगुआ की अदालत में एसपी आनंद प्रकाश की गवाही हुई। परिजनों की शिकायत पर थाना प्रभारी मनोहर कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद तत्काल एसपी आनंद प्रकाश ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया। तब से लेकर आजतक थाना प्रभारी भूमिगत हैं।

उधर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे तत्कालीन थाना प्रभारी मनोहर कुमार की परेशानी बढ़ सकती है। सूत्रों की मानें तो घटना के बाद से ही एसपी आनंद प्रकाश मनोहर कुमार के मामले को लेकर बेहद ही खफा है। बताया जा रहा है 17 वर्षीय मृतक मोहन मुर्मू का सरायकेला के एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों ने मृतक पर युवती को परेशान करने का आरोप लगाते हुए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया था।

बताया जा रहा है बगैर मामला दर्ज किए थाना प्रभारी ने मृतक को बालमित्र थाना कक्ष में दो दिनों तक बंद रखा। वही परिजन के अनुसार छोड़ने के एवज में रुपए की मांग की गई। तनाव में युवक ने बालमित्र कक्ष में बने शौचालय में बेल्ट के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ हरविंदर सिंह, एसपी आनंद प्रकाश पहुंचे थे। उन्होंने तत्काल जांच का आदेश दिया। जिसके बाद सरायकेला सीओ सुरेश कुमार सिन्हा एवं एसडीओ राम कृष्ण कुमार घटनास्थल का जायजा लिया। एसडीओ की अनुशंसा पर उपायुक्त ने न्यायिक जांच के आदेश दिए थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 मई, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण न्यूज

### मजदूर परिवार के घर में लगी भीषण आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से घर में फंसे बच्चे की बचायी गयी जान



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदरा गांव के इमलिया टोला टीकर गांव के शिवनाथ रजवार के घर में मंगलवार की शाम आग लग जाने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि घर में सोये दोनो बच्चों को ग्रामीणों के सहयोग और सूझबूझ से बचा लिया गया। भुक्तभोगी शिवनाथ रजवार ने बताया कि वे दोनों पति-पत्नी अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गए हुए थे। इसी बिच घर में छोटे-छोटे दो नाबालिग बच्चे थे। 11 वर्षीय पुत्र चंदन स्कूल से आकर घर में सोया हुआ था जबकि 6 वर्षीय पुत्र अजीत आग जलाकर अंडा एवं शकरकंद पकाने के बाद आग को बिना बुझाए ही छोड़ दिया। जिससे आग धीरे-धीरे फैलते हुए विकराल रूप धरते हुए खपरैल छप्पर में आग पकड़ लिया। आग लगते देख शिवनाथ रजवार के नाबालिग 6 वर्षीय पुत्र अजित डर से घर में जाकर सिटकिनी बंद कर लिया। घर में बच्चा होने की सूचना पर ग्रामीणों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर बच्चे को बाहर निकाला और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, किन्तु सफलता नहीं मिली एवं सभी सामान जलकर खाक हो गया। इस अगलगी में घर में रखा हुआ दो साइकिल, चारपाई, ओढ़ने बिछाने के समान, बर्तन तथा लगभग डेढ़ क्विंटल चावल, 2 क्विंटल मक्का समेत अन्य सामग्री जलकर खाक हो गये।

### मंत्री मिथिलेश ने किया लड़की की शादी में 25 हजार रुपये का सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कर्मठ सिपाही तपेश्वर सिंह की भतीजी की शादी में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से रंका युवा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी के हाथों लड़की के परिवार वालों को 25 हजार रुपये का सहयोग राशि प्रदान किया गया। सहयोग राशि पाने के बाद लड़की के परिवार जनों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर झामुमो के बुधन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस ने बरामद 53 मोबाइल मालिकों को सौंपा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 53 मोबाईल धारकों के बीच उनके गुम एवं चोरी हुये मोबाईल को वितरित किया गया। मंगलवार को श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र में 1 सितंबर 2022 से लेकर फरवरी 2023 तक चोरी एवं गुम हुये मोबाईल को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाईल की बरामदगी के लिये एक विशेष टीम गठित कर क्षेत्र में खोजबीन की गयी। जिसमें अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से लगभग 53 मोबाईल को बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में 15, रमना में 09, विशुनपुरा में 10, धुरकी में 5, खरौंधी में 02, भवनाथपुर में 02 एवं हरिहरपुर ओपी में 10 मोबाईल बरामद किया गया। जो बड़ी उपलब्धि है। एसडीपीओ ने कहा कि मोबाईल बरामद होने के बाद लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास काफी बढ़ा है। लोग गुम हुये अपना मोबाईल पाकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि बरामद किये गये मोबाईल को मोबाईल धारकों के बीच वितरण किया गया है। उधर मोबाईलधारकों को गुम एवं चोरी हुये मोबाईल मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे। मोबाईल धारक अपना मोबाईल पाकर काफी गदगद हुये तथा पुलिस की जमकर सराहना की। उस मौके पर श्री बंशीधर नगर के थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साव, रमना के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, विशुनपुरा के निमिर हेशरा, धुरकी के सदानंद कुमार आदि मौजूद थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** भवनाथपुर पुलिस ने कैलान जंगल में लेबर सप्लायर हत्याकांड का किया खुलासा

# हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कम मजदूरी भुगतान और गाली-गलौज से क्षुब्ध होकर आरोपियों ने की हत्या : डीएसपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने बीते माह कैलान जंगल में लेबर सप्लायर की हुई वीभत्स हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कांडी थाना क्षेत्र के चटनियां सुगवादामर निवासी 22 वर्षीय उमित रजवार पिता सुकन रजवार, 24 वर्षीय राजू रजवार पिता रामलाल, 25 वर्षीय प्रदीप पाल पिता सीताराम पाल एवं चौबे मझिगांवा निवासी 32 वर्षीय रविन्द्र रजवार पिता बीरबल रजवार का नाम शामिल है। सभी आरोपियों ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

बता दें कि बीते 8 अप्रैल की शाम मगरदह टोला के बहेरवाखाड़ी जंगल में क्षत-विक्षत अवस्था में मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे निवासी बीरेंद्र प्रसाद पिता गोरख साह की दुर्गंधित लाश मिली थी। जिसे भवनाथपुर थाना पुलिस 9 अप्रैल को बरामद किया था। भवनाथपुर थाना परिसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी प्रमोद केशरी ने बताया कि मृतक के भाई जितेन्द्र प्रसाद पिता गोरख साह द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर भवनाथपुर थाना में प्रथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस अधीक्षक गढ़वा अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार अनुंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व में काण्ड के उद्भेदन हेतू एक टीम गठित की गई। टीम के द्वारा विभिन्न जगहों पर छापामारी करते हुए प्रदीप पाल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिससे घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना में संलिप्त अन्य चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिन्होंने घटना में अपनी-अपनी संलिप्तता को अपराध स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकारा है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, मृतक के मोबाईल से संबंधित कवर तथा टैम्पर ग्लास बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि मृतक लेबर ठेकेदारी का काम करते थे और आरोपियों को बाहर काम कराने हेतू बाहर भेजते थे।

मृतक बिरेन्द्र प्रसाद आरोपियों को कम मजदूरी भुगतान करते थे और दूसरे ठेकेदार के पास काम करने जाने की बात करने पर आरोपियों को गाली गलौज, धमकी एवं मारपीट किया करते थे। इस कारण से क्षुब्ध सभी आरोपियों ने बीरेंद्र के साथ विभिन्न गांवों में लेबर भी खोजा एवं इसी क्रम में सबों ने मिलकर बिरेन्द्र प्रसाद की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से भवनाथपुर कैलान जंगल में फेंक दिया।

## रमकंडा के सभी पंचायतों में एआइएमआइएम कमेटी गठन का निर्णय

**ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय रमकंडा में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से एआईएमआईएम के गढ़वा जिला जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक एवं प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एम.एन. खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि मुसलमान और दलित आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लोग भी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के सुप्रीमो बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को संविधान संरक्षक के रूप में लोग देखने लगे हैं यह बहुत बड़ी बात है। उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 24 मई से पहले रमकंडा प्रखंड के सातों पंचायत में पंचायत कमेटी बनाने के साथ-साथ बूथ कमेटी भी बना लिया जाएगा।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, युवा जिला सचिव डॉक्टर आफताब आलम, सोबरन मुंडा, अमीरुद्दीन अंसारी, मोहन भुइयां, अमृत कुजूर, सुरेश कुमार रजक, सत्येंद्र कुमार विश्वकर्मा, सरवन कुमार, ललिता देवी, शांति देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रंका में बीमा एवं पेंशन योजना शिविर का आयोजन

**शिविर में प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा में 50 एवं जीवन ज्योति बीमा योजना में 50 सहित कुल 100 लोगों ने बीमा कराया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत भवन में मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक रंका के तत्वावधान में सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। इस शिविर में प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में 50 एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 50 सहित कुल 100 लोगों ने बीमा कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीएम इंदु भूषण लाल ने बताया कि आर्थिक रूप से संपन्न लोग मोटी रकम लगाकर बीमा करवा सकते हैं। लेकिन आज के परिवेश में गरीब तबके के लोगों के लिए यह संभव नहीं है। उनके लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना वरदान साबित हो रहा है। क्योंकि जिनके साथ भी अप्रिय घटना घट रही है, उन्हें इस बीमा का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर एफएलसी निरंजन तिवारी ने बताया कि दुर्घटना के दौरान पूर्ण विकलांगता की स्थिति में भी इस बीमा का लाभ दिया जाएगा तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। भारतीय स्टेट बैंक रंका के शाखा प्रबंधक बुद्धदेव उरांव उर्फ बीडी उरांव के द्वारा साइबर क्राइम से बचने के लिए विभिन्न सतर्कता के बारे में जानकारी दी गयी। जेएसएलपीएस के मनोज कुमार तिर्की ने अपने स्वागत संबोधन के साथ उपस्थित सखी मंडल की महिलाओं को दोनों ही बीमा जरूर करवा लेने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक सुनील कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीआरपी पवन कुमार, बैंक सखी लक्ष्मी देवी, सिमंती देवी, सक्रिय महिला ममता देवी, बबीता देवी, लीला देवी, रुखसाना उपस्थित थीं।

### टेंपो दुर्घटना में दब कर युवक की मौत

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के गुरुर गांव निवासी 27 वर्षीय युवक मुन्ना चौधरी की टेम्पो दुर्घटना में दब कर मौत हो गई। घटना बुधवार करीब दस बजे की है। उधर टेम्पू में सवार एक अन्य युवक धर्मेंद्र चौधरी गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज मझिआंव रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है। मुन्ना टेम्पू लेकर अपने गांव से कांडी जा रहा था। उसी क्रम में हुरका गांव के मथुरा साह होटल के पास मोड़ पर अनियंत्रित हो कर पुलिया से टकरा गई। घायलावस्था में ग्रामीणों ने उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सुचना पाकर पहुंचे हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### सदर अस्पताल ब्लड बैंक के पास पावर हाउस में लगी आग

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल परिसर ब्लड बैंक के पास स्थित पावर हाउस में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपट और धुआं जैसे ही बढ़ा कुछ लोगों के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य कर्मी आग लगने की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में लगा फायर फॉग लेकर आग बुझाने दौड़ पड़े। जिनके सूझबूझ से समय अनुसार आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर विजय राम, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार, रोशन प्रजापति. उमेश चंद्रवंशी, सन्तोष राणा, प्रदीप पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** एसपीडी कॉलेज में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम में प्रो कमलेश कुमार ने कहा

# अपना खाता संख्या, ओटीपी या गोपनीय जानकारी देना धोखेबाजों को निमंत्रण देना है

**एनसीसी के एएनओ ने कैडेट्स को डिजिटल उपकरणों के उपयोग, साइबर स्टॉकिंग, हैकिंग आदि के बार में जानकारी दी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज एनसीसी यूनिट के द्वारा महाविद्यालय परिसर में बुधवार को साइबर क्राइम विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को साइबर क्राइम के विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। साथ ही इससे बचने के लिए जागरुक भी किया गया। इस मौके पर साईबर क्राईम विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि अपराध एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग गलत काम या आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए किया जाता है। लेकिन जब साइबर अपराध की बात आती है तो इसे इंटरनेट द्वारा किए गए अपराध के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। तकनीक के उन्नत युग में जब बैंक खाते इंटरनेट के माध्यम से जुड़े हैं तो हर किसी के पास बहुत सारी जानकारी होती है जो जागरुकता के अभाव में गलती से साइबर अपराधियों के साथ साझा कर देते हैं। जिसके नुकसान से बड़ी परेशानी हो जाती है। जब कोई साइबर अपराधी सोशल मीडिया अकाउंट, ओटीपी, पिन कोड, व्यक्तिगत चित्र या वीडियो जैसी व्यक्तिगत जानकारी अपने पास इक्कठ्ठा कर लेता है तो आप सामाजिक या आर्थिक रूप से असुरक्षित हो जाते हैं। इंटरनेट बैंकिंग की दुनिया में, खाता संख्या, वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी), या ऐसी कोई गोपनीय जानकारी किसी और को देना धोखेबाजों को आपका बैंक खाता खाली करने का निमंत्रण है। मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें और उन्हें बदलते रहें। बैंक खाते की शेष राशि और गतिविधियों से अवगत रहें।

मौके पर एनसीसी के एएनओ ले. प्रो. धीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कैडेट्स को डिजिटल उपकरणों के उपयोग, कंप्यूटर सिस्टम, फिशिंग, मैलवेयर, पहचान की चोरी, ऑनलाईन उत्पीड़न, साइबर स्टॉकिंग, हैकिंग आदि के बार में जानकारी दी।

मौके पर एनसीसी के मयंक कुमार, अमित कुमार, रिशभ चौबे, शिवम चौबे, सन्नी देओल, रवि रंजन कुमार, अपर्णा कुमारी, पूजा कुमारी, लवली सिंह, अंजली कुमारी, साक्षी कुमारी उपस्थित थे।

## गढ़वा छोड़ने को मजबूर कर रहा है प्रशासनः मुकेश गौड़



**मादक पदार्थ के बिक्री मामले में दोषी नहीं है मेरा भाई, साजिश के तहत फंसाया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस प्रशासन के द्वारा मादक पदार्थ के बिक्री कर रहे युवक की गिरफ्तारी को लेकर गिरफ्तार युवक के परिजन ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि दोषी नहीं है मेरा भाई, उसे साजिश के तहत फंसाया गया है। वहीं मुकेश गौड़ का कहना है कि राकेश गौड़ निर्दोष है।

गढ़वा पुलिस प्रशासन के द्वारा झूठा मुकदमा लगाकर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। साथ ही उसे खाना पहुंचाने आए युवक को भी उसी केस में संलिप्त करते हुए पुलिस उसे भी न्यायिक हिरासत में भेज रही है, जो सरासर गलत है। इस बाबत सदर थाना प्रभारी से जानकारी लेना चाहा तो उनके द्वारा साफ शब्दों में यह कहा जा रहा है कि आप सभी परिजन इन दोषियों के पक्ष में आवाज नहीं उठाएं, नहीं तो आप पर भी कार्रवाई की जाएगी इस तरह के गढ़वा पुलिस प्रशासन के रवैया से हमें गढ़वा से पलायन करने को विवश किया जा रहा है। क्योंकि हमें डर है कहीं पुलिस प्रशासन हमारे परिजन को भी ना इस घटना के साथ में दोषी करार कर न्यायिक हिरासत में भेज दे। हम आप सभी मीडिया बंधुओं के माध्यम से यह गुहार लगाना चाहते हैं कि पुलिस प्रशासन निर्दोष लोगों को सताना बंद करे।

### रंका थाना प्रभारी ने 11 मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपा, चार है बाकी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने रंका थाना में दर्ज किए गए 15 एंड्रॉयड मोबाइल फोन में से 11 मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल मालिकों को मुहैया कराया। जबकि चार मोबाइल फोन के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। जानकारी मिलते ही यह मोबाइल भी मालिकों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रंका थाने में 15 मोबाइल फोन भुलाने, गिरने के संबंध में दर्ज सन्हा के आलोक में 11 मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल मालिकों को मुहैया करा दिया गया है जबकि चार मोबाइल फोन के बारे में जानकारी नहीं मिली है। जानकारी मिलते के साथ ही संबंधित लोगों को मोबाइल उपलब्ध करा दिया जाएगा। दो उन्होंने बताया कि रंका थाने की अपराध के स्तर को कम करने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि कोई भी वारंटी बाहर न घुमे, उसे तत्काल पकड़ कर जेल भेजा जा रहा है। इस अवसर पर मोबाइल फोन बरामदगी और मुहैया कराने पर मोबाइल मालिकों सहित रंका थाना क्षेत्र की जनता ने थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

### सगमा में रुद्र दंत चिकित्सालय का उद्घाटन

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सगमा गांव स्थित उपेंद्र प्रसाद यादव के घर में रुद्र दंत चिकित्सालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचन्द्र केसरी, पूर्व जिप सदस्य नन्दगोपाल यादव, सोनभद्र दूधी के मशहूर दन्त चिकित्सक एनके पांडेय के द्वारा हवन पूजन के बाद फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सगमा प्रखंड की गिनती अति पिछड़े प्रखंड में होता है। यहां के लोगों को दांत से संबंधित बीमारी होने पर सीधे गढ़वा डालटनगंज जाना पड़ता था। मगर इस चिकित्सालय के खुलने से इसका इलाज सगमा में कुशल दन्त चिकित्सक एनके पांडेय के द्वारा किया जाएगा। हम इनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जबकि सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि हम गरीब इलाके के लोगों के लिए यह चिकित्सालय वरदान साबित होगा। इस क्रम में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रमणि जयसवाल ने कहा कि डॉक्टर एनके पांडेय हमारे पुराने परिचित होने के नाते मैं कह सकता हूं कि पांडेय जी दूधी तहसील में लगभग पचास वर्षों से सेवा दे रहे हैं। इनके द्वारा दांत से संबंधित सभी बीमारियों के साथ दांत प्रत्यारोपण से लेकर अन्य तरह के इलाज सस्ते दर पर कुशलता पूर्वक किया जाता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहां के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी, प्रखंड प्रमुख अजय गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव, राजेन्द्र राम, देवराज मिश्रा, हजारी प्रसाद यादव, सुभाष प्रसाद यादव, रामेंद्र यादव, सुधीर यादव, रमेश राम, मुख्तार आलम, उदय यादव सहित प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी में लोगों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराने को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी, गढ़वा जिला ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ अध्यक्ष सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुतनंदन सोनी ने मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारी को राम सीता लक्ष्मण का तस्वीर एवं पीएम आवास के लाभुकों को शेष किस्त का राशि भुगतान हेतु एक लिखित आवेदन सौंपा। बताते चलें कि प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को किस्त बाइ किस्त का राशि भुगतान नहीं किए जाने पर लाभुकों ने नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी को इस समस्या से अवगत कराया। वहीं इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी को अभिलंब प्रधानमंत्री आवास की शेष किस्त की राशि भुगतान हेतु आवेदन सौंपा। वहीं त्वरित प्रधानमंत्री आवास के किस्त का राशि भुगतान करने का आग्रह किया। वहीं सोनी ने भीषण गर्मी के दिन प्रतिदिन बढ़ते ग्राफ को देखते हुए लोगों को हो रहे पानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी से नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में जरूरतमंद जगहों पर टैंकरों से पानी व्यवस्था कराने का आग्रह किया। सोनी ने यह भी आग्रह किया कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में जरूरतमंद जगह पर जल मीनार लगाने का प्रयास करें ताकि इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या ना हो।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## डकरा पहुंचे एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठित और असंगठित मजदूरों के साथ की बैठक



बैठक को संबोधित करते एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉ रमेंद्र कुमार।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के महामंत्री जेबीसीसीआइ सदस्य कॉमरेड रमेद्र कुमार बुधवार को डकरा पहुंचे। जहां वीआइपी सभागार में यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों ने रमेंद्र कुमार को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने वीआईपी सभागार में उपस्थित संगठित एवं असंगठित मजदूरों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतिओं की आलोचना करते हुए कहा कि आगामी 19 मई को होने वाले जेबीसीसीआइ 11 की बैठक में उम्मीद है कि इस बार कोयला कामगारों का वेतन समझौता फाइनल हो जाए। साथ ही उन्होंने यूनियन से नए मजदूर साथियों को जोड़ने और संगठन का मजबूती के साथ विस्तार करने को भी कहा। बैठक में केंद्रीय सचिव बिनोद बिहारी पासवान, यूनियन के सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अरविंद शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चौहान, क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश भर, अरविंद कुमार, मो शमीम, चंदन शर्मा, अशोक राम, जितेंद्र सिंह, संजय प्रसाद, अजित पांडे, सतेंद्र कुमार, शिवप्रसाद चैहान, धनेशर गंझू, रहमततुल्ला, मो अब्दुल्ला, सेवक गंझू, वीरेंद्र शर्मा, मिश्रा पासवान, दीपांशु, जितेंद्र नगर कोटि, अशोक उरांव, रामु, शिव प्रसाद गुप्ता, अश्विनी कुमार, नरेश प्रसाद, मनोज कुमार, एतवा उरांव, बिशेषर मुंडा, रवी वर्मा, दिनेश कुमार, दीपू, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार (डकरा), नागेंद्र उरांव, टिकेशर पासवान, संजीव कुमार सहित सैकड़ों संगठित-असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक में शशि रंजन ने दिये दिशा-निर्देश

# खनन वाले क्षेत्रों में स्कूल और शौचालय सहित सभी सुविधा मुहैया करायें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी शशि रंजन ने की। बैठक में डीसी ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय पर सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहा के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाए। योजनाओं का चयन पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों





अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन

और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाए। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्व में कुल 24 योजनाएं ली गई थी, जिसमें 18 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, शेष प्रगति पर हैं। इसके अलावा खूंटी जिले के डीएमएफटी के लिए डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान का अनावरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 से लेकर आने वाले वर्षों में डीएमएफटी मद से किये जाने वाले कार्यों की चर्चा की गई। बैठक में लखपति किसान योजना के तहत किसानों के आय वृद्धि के लिए जेएसएलपीएस से समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। दूसरी ओर, अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की जिला स्तरीय बैठक भी की गयी, जिसमें आइटीडीए के परियोजना निदेशक ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालय शिक्षा में सुधार, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के संबंध में चर्चा हुई। डीसी ने विशेष रूप से आजीविका संवर्धन के लिए सखी मंडल की महिलाओं को लखपति किसान योजना से जोड़ते हुए उनके रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के संबंध में चर्चा की।

## खूंटी में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 15 से 18 तक

**खूंटी (आजाद सिपाही)। स्थानीय बिरसा कॉलेज स्टेडियम में 15 से 18 मई तक रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य नवनीत मिश्रा, बाबू खान, गुड्डू, तनवीर, अभिषेक मिश्रा, शुभम मिश्रा, विक्की, आबिद, अरकम हुसैन, आफताब, माजिद आदि ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर खेला जायेगा। 50 खिलाड़ियों के नाम टाई शीट में दिये गये हैं। इन खिलाड़ियों में किसी भी टीम में सिर्फ खिलाड़ी खेल सकते हैं।**

## बाइक-कार की भिड़ंत में पिता-पुत्र की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** रांची-टाटा पथ पर दशम फॉल थाना क्षेत्र के हेसापीड़ी के पास मंगलवार की देर रात बाइक और कार के बीच हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान सानिका मुंडा (65) और सुखदेव मुंडा (45) के रूप में हुई है। मृतक रिश्ते में पिता-पुत्र हैं। दोनों बुंडू थाना क्षेत्र के कोड़दा गांव के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक बाइक सुखदेव मुंडा चला रहा था, जो रांची से हेसापीड़ी गांव जाने के लिए



सड़क पार कर रहे थे। तभी टाटा से रांची जा रहे स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। वहीं बाइक के चिथड़े उड़ गये। इसकी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने रात में ही दोनों शवों के साथ ही क्षतिग्रस्त बाइक को भी उठाकर थाना लायी। बुधवार की सुबह शवों का रांची के रिम्स अस्पताल में पोस्टमाटम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। लगे हाथ थाने में मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## खलारी एसीसी उच्च विद्यालय में शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में एक शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष संजय रुंगटा, विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह, शिक्षाविद सजी बालकृष्णण नायर, डॉ आनंद दिवाकर व शिक्षण सलाहकार बॉबी गॉर्डन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापक ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति से शिक्षक-शिक्षिकाओं का परिचय कराया। मौके पर समिति ने शिक्षा पद्धति और नई शिक्षा नीति से शिक्षकों को अवगत कराते हुए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत भारत सरकार द्वारा लागू किए गए शिक्षा पद्धति और नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर करने हेतु कई बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की बात कहा। वहीं, संजय रुंगटा ने कहा कि शिक्षकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। यदि ऐसा हो तो उन्हें अवश्य अवगत कराया जाए ताकि शिक्षक परेशानी मुक्त होकर बच्चों को अपना सर्वोत्तम योगदान दे सके। मौके पर शिक्षकों की ओर से भी विचार लाया गया कि शिक्षा के क्षेत्र में और उन्नति कैसे किया जा सके। सेमिनार में मुख्य रूप से समर सेन, ममता झा, रेणुका सिंह, हिमांशु सिंह, कृष्णा यादव, प्रकाश चैधरी, आरके सिंह, अभिषेक प्रधान लाल, नेली, रेशमा, शर्मिला पात्रा,दीपा वंदना, सुनिता, मधु श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार, पल्लवी, पूजा पाण्डेय, सीमा यादव, सोनी यादव, सोनल, रूबी कुजुर आदि शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## जमानत पर जेल से बाहर निकलने वाले अपराधियों पर रखें कड़ी नजर : एसपी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एसपी कार्यालय के सभागार में बुधवार को एसपी अमन कुमार की अध्यक्षता में मासिक क्राइम मीटिंग की गयी। जिसमें थानावार कांडों और विभिन्न कांडों के डिस्पोजल और वारंट कुर्की के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। क्राइम मीटिंग में एसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि जमानत पर जेल से बाहर आनेवाले अपराधियों पर कड़ी नजर रखें, ताकि वे अपराध करने के बारे में सोचे ही नहीं सकें। एसपी ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाने, अवैध अफीम की खेती और इससे जुड़े कारोबारियों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई करने और संदिग्धों पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने और पुराने मामलों का एक तय समय सीमा में डिस्पोजल करने का निर्देश दिया। बैठक में एएसपी (अभियान) रमेश कुमार, डीएसपी (मुख्यालय) जयदीप लकडा, एसडीपीओ अमित कुमार, ओम प्रकाश तिवारी, सर्किल इंस्पेक्टर शाहिद रजा, दिग्विजय सिंह,इंस्पेक्टर सुकांत त्रिपाठी, पिंकू कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## अधूरे प्रधानमंत्री आवासों को शीघ्र पूरा करें, अन्यथा होगी कार्रवाई : बीडीओ





**तोरपा (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की कार्य प्रगति की पंचायत स्तर पर समीक्षा की गयी। इस दौरान बीडीओ दयानंद कारजी ने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी भी दी कि कार्य पूरा नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, मुखिया, पंचायत सचिव और स्वयंसेवकों को आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने को कहा। बीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 30 जून तक प्रखंड में 245 लंबित प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण कर लेना है। इसके लिए हर गुरुवार को अपनी पंचायत भवन में बैठक आयोजित कर लाभुकों को बुलाएं और उनकी समस्याओं को जानकर उनका निराकरण करें। इसके बाद भी आवास का निर्माण पूरा न हो तो, सर्टिफिकेट केस करें। यदि लाभुक का निधन हो गया हो, तो ऐसे लोगो को चिह्नित कर सूचना दें। बीडीओ ने कहा कि सबसे अधिक लंबित मामले सुंदारी पंचायत में हैं, जहां 40 आवास अपूर्ण हैं। आवास बनाने को लाभुक के खाते में राशि चली भी गयी है। इसके बावजूद आवास पूर्ण नहीं किया है।

## जिला निदेशक ने किया तमाड़ के आवासीय विद्यालय ब्लॉक कैंपस का औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** मंत्री चंपई सोरेन के निर्देश पर बुधवार को जिला निदेशक सुधीर बाड़ा ने तमाड़ आवासीय विद्यालय ब्लाक कैंपस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं उजागर हुई। जिसकी जांच रिपोर्ट जल्द मंत्रीजी को सौंपा जाएगी। बतातें चलें कि तमाड़ के लोगों ने मंत्री चंपई सोरन से शिकायत की थी कि उक्त स्कूल में मैन्यू के हिसाब से खाना नहीं दिया जाता है। खराब किस्म के चावल का इस्तेमाल किया जाता है। अंडा भी नहीं दिया जाता। इस मौके पर बीडीओ गिरजा शंकर प्रसाद, जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ आदि थे।

## राहे के शिशिटांड़ मोड़ चौक पर हुआ शहीद गोपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा का अनावरण



**राहे (आजाद सिपाही)।** शिशिटांड़ मोड़ चौक में बुधवार को शहीद गोपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर माकपा राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, पूर्व राज्य सचिव ज्ञानशंकर मजुमदार, अखिल भारतीय किसान किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अवधेश कुमार, झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव मुख्य रूप से उपस्थित थे। गौरतलब हो कि 10 अप्रैल 1992 को गोपाल मुंडा शहीद हुए थे। वक्ताओं ने कहा गोपाल सिंह मुंडा को आने वाली पीढ़ी सदा याद रखेगी।

## रात को चौड़ी दिखनेवाली सड़कें सुबह होते ही संकरी हो जाती हैं

# लोगों की जान का दुश्मन बना अतिक्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के मशहूर शिक्षक मुस्कु बड़ाईक की मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे गिराई गई रेत और निर्माण सामग्री के अलावा दुकानों और घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसी का शिकार शिक्षक मुस्कु बड़ाईक को होना पड़ा। शिक्षक की दुर्घटना में मौत के कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि सड़क किनारे कूड़े-कचरे ना होते तो मुस्कु बड़ाईक की गिर कर मौत नहीं हुई होती। तोरपा प्रखंड के शहरी इलाके सड़क किनारे अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ पुलिस या प्रखंड प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में असंतोष है। रात के समय



चौड़ी दिखने वाली सड़क सुबह होते ही संकरी हो जाती है। जिसका मन जहां हुआ सड़क किनारे रेत, ईंट आदि सामग्री डाल देते हैं। इसके अलावा दुकानदार भी अपने सामानों को सड़क के किनारे ही सजा देते हैं। जिससे सड़क संकरी हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा कभी अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया जाता। इसी का नतीजा है कि तोरपा में आए दिन सड़क दुर्घटना में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। ज्ञात हो कि इसके पहले भी चार नवंबर 2022 को निर्णय सिंधु बेहरा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर दिन सड़क किनारे डेली मार्केट लगता है। इससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा दो पहिया और चार पहिया के वाहन और ऑटों चालक भी सड़क किनारे वाहन लगा देते हैं। इसके कारण भी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करेगा प्रशासन : बीडीओ

**तोरपा के शहरी इलाके में अतिक्रमण के संबंध में पूछे जाने पर तोरपा के बीडीओ दयानंद कारजी ने कहा कि सड़क का अतिक्रमण कर निर्माण सामग्री रखना गलत है। इस संबंध में लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा कि वे निर्माण सामग्री ना रखें और सड़क के किनारे दुकानों का सामान नहीं रखें। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन तोरपा में जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएगा।**

### अतिकक्रमण हटाना जरूरी : उप मुखिया

तोरपा के उप मुखिया राजू साहू ने कहा कि सड़क का अतिक्रमण और निर्माण सामग्री को जमा करना गलत है। अतिक्रमण और बेंतरतीब ठोकर के कारण तोरपा में दुर्घटनाएं हो रही हैं। उप मुखिया ने कहा कि असंतुलित होकर गिरने से दो शिक्षकों की मौत हो चुकी है, जबकि तपकारा निवासी श्रवण टोंपनो की पत्नी दुर्घटना का शिकार हो गई और उसके दोनों पैरों को काटना पड़ा। उन्होंने पुलिस और प्रखंड प्रशासन से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी बचरा में समारोह आयोजित कर प्रतियोगिता के सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में शामिल सफल छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद की अगुवाई में पुरस्कृत किया गया। समारोह में कक्षा छह से वैदेही रंजन, कक्षा अष्टम से कल्याणी गिरि, कक्षा तृतीय से आयुषी को सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को उनके उज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

### उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के तहत संबद्धता प्राप्त कर संचालित किया जाना है। इन विद्यालयों में नामांकन के लिए नामांकन प्रपत्र संबंधित विद्यालय और जिले के आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित विद्यालय से आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन के लिए एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, खूंटी में अनिमा तिर्की, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में कविता कुमारी और कर्रा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रश्मि कुमारी से संपर्क किया जा सकता है।

### महायज्ञ को लेकर राय बस्ती शिव मंदिर में किया गया ध्वजारोपण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के राय बस्ती शिव मंदिर प्रांगण में 21 मई से श्रीश्री 1008 पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठान का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ से पूर्व बुधवार को राय बस्ती शिव मंदिर में ध्वजा रोपण किया गया। जिसमें पुजारी पंडित बंसीधर शास्त्री, पंडित कैलाश मिश्रा, पंडित शिव नंदन शास्त्री, मुख्य यजमान भरत नायक, नंदलाल महतो ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। इसके बाद ध्वजा रोपण किया गया। इस मौके पर कैलाश पंडित, जगदीश सोनी, गणेश कुमार महतो, शत्रुघ्न कुमार नायक, शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह, दुर्गा प्रसाद महतो, नागेश्वर महतो, एतवारा महतो,अशोक महतो, राजू गुप्ता, दीपक कुमार, संतोष प्रजापति, नरेश महतो, पंचाननद नायक, नंदलाल महतो, लगन लाल महतो, संतोष नायक, अजय नायक, राजीव साहनी, अनिल साव, दिलेशवर सोनी, विक्की चौहान, कृष्णा साहनी और लोकन महतो आदि मौजूद थे।

### मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये जनसेवक





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आह्वान पर खूंटी जिले के सभी जनसेवक बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इस कारण खूंटी जिले के सभी प्रखंडों में कार्य प्रभावित हो गया। बतातें चलें कि जिले के जनसेवक अपने कार्यों के अतिरिक्त कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, निर्वाचन, नजारत, एजीएम पंचायत सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद के प्रभार में हैं। जनसेवक संघ के जिला सचिव नलिन कुमार ने बताया कि जनसेवकों की नियुक्ति 2012 में 2400 रुपये के ग्रेड पे पर की गई थी। जनसेवकों की 11 सूत्री मांग है कि डीडीओ परिवर्तन, राज्य स्तरीय वरीयता सूची, प्रखंड कृषि पदाधिकारी में प्रमोशन, एमएसपी का तत्काल लाभ, जनसेवकों को तकनीकी पद मानते हुए प्रारंभिक वेतनमान 4200 देना, गैर कृषि कार्यों से मुक्ति, कृषि शिक्षा परिषद का गठन, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति आदि की मांगें शामिल हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र भेंगरा, प्रवक्ता नीति रंजन मुंडू प्रमोद कुमार, मुंशी मुंडू, गौरव जैन, प्रिस्किला पूर्ति, प्रिया सुचिता होरो, पूनम प्रिया, शीला सुनीता कुमारी, अमित राम, फलिंदर ओहदार, जेवियर हेमरोम, जय नारायण सिंह बिंझिया, सुखराम पूर्ति, दोचे ओडेया, अमृत फ्रांसिस आदि उपस्थित थे।

### रायसिमला स्कूल में सभा आयोजित कर शिक्षक मुस्कु बड़ाईक को दी गई श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रायसिमला में कार्यरत शिक्षक मुस्कु बड़ाईक की असामयिक मौत पर बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय रायसिमला में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। गौरतलब हो कि मंगलवार की शाम नगर भवन के समीप सड़क दुर्घटना उनकी मौत हो गयी थी। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष चंद्रिका लोहराइन की अध्यक्षता में स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका और छात्र-छात्रा के अलावा गांव के कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानाध्यापक ममता कुमारी ने कहा कि मुस्कु बड़ाईक के निधन से रायसिमला स्कूल ने एक शिक्षाविद और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षका को खो दिया है। मुस्कु बड़ाईक आज हमलोगों के बीच भले ही नही हैं, परंतु उनके कार्य हमेशा हमलोगों के लिए प्रेरणाश्रोत बने रहेंगे। मौके पर शिक्षक दांदू आइंद, पुरुषोत्तम प्रसाद, मनोहर महली, एडलिना डोडराय, विलन भेंगरा, अयलान कंडुलना, रीना मुंडू, सतेन्द्र कुमार, अमलेंदु पाढ़ी, शांति लकड़ा, उमा देवी, प्रमिला देवी, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष विनायक राय, सत्यनारायण राय, तुलसी गोप, पंसस मनोज उरांव सहित कई लोगो ने शोक सभा मे हिस्सा लिया। इधर, शिक्षक के पैतृक गांव रनिया के कोड़ाकेल में मुस्कु बड़ाईक का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में शव के पहुंचते ही लोगों की आखें नम हो गई।

## अनगड़ा थाना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बुधवार की शाम विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निवर्तमान थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार को थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने विदाई दी तथा नये थाना प्रभारी नवीन कुमार का स्वागत किया। इस मौके पर नागरिकों ने निवर्तमान थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार के द्वारा अपने कार्यकाल में अपराध नियंत्रण तथा जनता के बीच समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान के लिए प्रशंसा की तथा पुष्प गुच्छ देकर नये थाना प्रभारी एवं निवर्तमान थाना प्रभारी को सम्मानित एवं स्वागत किया। विदाई समारोह में मुख्य रूप से सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केर-केट्टा, प्रमुख दीपा उरांव, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ रिझू नायक, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, मुस्तफा अंसारी, सिकन्दर अंसारी, कामेश्वर महतो, राजेन्द्र मुन्डा, जाकीर खान, नीलकंठ चौधरी, रामकृष्ण चौधरी, साकीर अंसारी, मुन्ना सिंह, राजू प्रमाणिक, अब्दुल इमाम अंसारी, विवेक कुमार, परवेज खान, सागर साहू, मार्शल महतो सहित सिल्ली थाना प्रभारी आकाश सिंह, सब इंसपेक्टर संतोष गिरी, सचिन लकड़ा सहित अनगड़ा थाना के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अनगड़ा के नये थानेदार का प्रबुद्धजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रबुद्धजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नव पदस्थापित थाना प्रभारी नवीन कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नये थानेदार व निवर्तमान थानेदार ब्रजेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर थानेदार नवीन कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने लोगों से थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का भरपूर सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षाविद् डॉ रिझू नायक ने कहा कि गरीब गुरबा के साथ अन्याय ना हो तथा उन्हें इंसाफ मिले इसका पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। मौके पर डॉ रिझू नायक, सिकंदर अंसारी, सरूफ खान, शिबू मुंडा, चंदन महतो, कलेश नायक, नंदू नायक, राजू नायक आदि मौजूद थे।

## भंडरिया में बाइक से गिरकर युवती की मौत, 15 मई को होने वाली थी शादी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** गढ़वा भंडरिया-बरगढ़ मुख्य मार्ग स्थित नौका परभन खाड़ मंदिर के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर 20 वर्षीय लड़की की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम 7:00 बजे के आसपास भंडरिया के टेनटांड़ टोला निवासी स्व. अनिल कच्छप की 20 वर्षीय पुत्री मनीषा कच्छप अपने मंगेतर भंडरिया थाना क्षेत्र के टेंगारी निवासी लाजरुश कच्छप के 25 वर्षीय पुत्र जयंत कच्छप के साथ बरगढ़ अपने शादी का मार्केटिंग कर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रही थी कि परभन खाड़ मंदिर के समीप चलती मोटरसाइकिल से गिर गई, जहां लड़की का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। राहगीरों व लड़की के मंगेतर के द्वारा इलाज के लिए भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा लड़की को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी होने के बाद लड़की के परिजनों ने अस्पताल पहुंच अपनी बेटी की मौत सड़क दुर्घटना में नहीं होने की शंका जतायी। वहीं घटना की सूचना पर भंडरिया थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार राणा दल बल के साथ अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में करते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेजा। मृतका मनीषा कच्छप की मां सिलवंती देवी के द्वारा भंडरिया थाना में लिखित आवेदन देकर बताया गया है कि मेरी बेटी की हत्या कर सड़क दुर्घटना का रूप दिया गया है। इसकी जांच कर हत्या के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस संबंध में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा से पूछे जाने पर बताया कि मृतका की मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में घटना की जांच सभी पहलू पर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट कहा जा सकता है कि हत्या है या सड़क दुर्घटना। मृतक लड़की की शादी 15 मई 2023 को होना तय था। गांव समेत रिश्तेदारों में शादी का कार्ड बंट चुका था। मृतक के पिता की भी मौत चार वर्ष पूर्व संदेहास्पद स्थिति में कुएं में गिरने से हुई थी।

## भव्य कलश यात्रा से हुई बजरंगबली, भोले बाबा व मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालु टिकरा टोली गांव में बुधवार को भव्य कलश यात्रा से दो दिवसीय नवनिर्मित बजरंगबली, भोले बाबा व मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। जहां महावीरी झंडा के साथ मंदिर परिसर से यजमान बिरसा स्वांसी सपत्नीक दुलारी देवी की अगुवाई में दर्जनों श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो जमुनी नदी पहुंची। जहां पूजा अर्चना के बाद जलकलश लेकर श्रद्धालुओं का जत्था पुनः मंदिर परिसर पर पहुंचकर एक धार्मिक समारोह में बदल गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी लाल बाबा, राज पांडेय व श्री महतो की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान में सर्ववेदी पूजन, अन्नाधिवास, संध्या आरती की गयी। वहीं शाम में 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन व भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूप नारायण सिंह, महादेव सिंह, प्रदीप साहू, बिशु स्वांसी, पवन साहू, जगदीश प्रधान, सरिता देवी, सुमति देवी, चंदू देवी, मनो देवी, सोमारी देवी, एतवारी देवी, कोशिला देवी, सबिता देवी, रेशमा, आरती व खुशबू सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

**कार्यक्रम : वाईबीएन विश्वविद्यालय के कवाली कैंपस में फूड फेस्टिवल सह क्विज का हुआ आयोजन**

# फूड फेस्टिवल में तमिलनाडु प्रथम, गुजरात द्वितीय और दिल्ली को मिला तीसरा स्थान





**क्विज प्रतियोगिता में मनीष ग्रुप प्रथम, विनय ग्रुप द्वितीय और चंदन ग्रुप को तृतीय स्थान मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** हर साल मदर्स डे की कोई निश्चित तारीख नहीं होती लेकिन यह दिन हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस बार मदर्स डे 14 मई को मनाया जा रहा है। मदर्स डे पूरी दुनिया में माताओं के सम्मान का उत्सव है। एक मां अपने परिवार, अपने बच्चों के लिये हर दिन प्रयास करती है, बड़े से बड़ा बलिदान देती है। जिसके कारण ही हम आज कुछ भी कर पाने में समर्थ हैं जो हम कर रहे हैं। इस खास मौके पर वाईबीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा फूड फेस्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर रामजी यादव ने फीता काट कर किया। इस कार्यक्रम में जज के रूप में असिस्टेंट रजिस्ट्रार (एकेडमी) डॉ कमल कांत पात्रा, डीन आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज डॉ आरती गुप्ता, डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डॉ अंजनी कुमार उपस्थित थे।

मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी सहित सभी संकाय के डीन एवं एचओडी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

इस फूड फेस्टिवल में तमिलनाडु प्रथम, गुजरात को दूसरा स्थान और दिल्ली को तीसरा स्थान मिला। वहीं, एनएसएस समिति की ओर से क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वाईबीएन विश्वविद्यालय के कवाली कैंपस में एनएसएस समिति ने बुधवार को लालतेंदु विद्याधर साहू और सुश्री श्रुचि गुप्ता के समन्वय से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। इस क्विज प्रतियोगिता में मनीष ग्रुप प्रथम, विनय ग्रुप द्वितीय और चंदन ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। मौके पर एनएसएस नोडल अधिकारी कौशल किशोर, एनएसएस सदस्य लालतेंदु साहू, सुरुचि गुप्ता, फार्मेसी फैकल्टी आफरीन आलम, अनित कुमार, चंचला कुमारी, नेहा नुपुर, रश्मि कुमारी का अहम योगदान रहा।

# मंडा पूजा सामाजिक समरसता का प्रतीक है : नवीन जायसवाल

**150 भक्तों के शिवमनी महेश की जय के गगनभेदी जयकारे, पुष्प वर्षा व झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के टुण्ढूल गांव में मंडा टांड़ में बुधवार को शिव मंडा पूजा समिति टुण्ढूल के तत्वावधान में मंडा पूजा 150 भक्तों के शिवमनी महेश की जय के गगनभेदी जयकारे और पुष्प वर्षा व झूलन के साथ संपन्न हो गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हटिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि मंडा पूजा का त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इसमें सरना सनातन का आपसी भाईचारा, भगवान शिव का अर्धनारीश्वर रूप का पूजन का प्रतीक है। ज्ञात हो कि टुण्ढूल मंडा पूजा भक्ति भाव और श्रद्धा और विश्वास के रूप में पूरे प्रखंड क्षेत्र में प्रसिद्ध है।

इससे पूर्व मंगलवार को डेढ़ सौ भोक्ताओं ने लोटन सेवा, धुआं सूवा और फूलखुंदी का कार्यक्रम भक्तिभाव से संपन्न कराया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में बोलो शिवा मणिमहेश की जयकारा से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। रात्रि में एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष कमलेश ओहदार, कार्यकारी अध्यक्ष महावीर नायक, महासचिव अनिल मुंडा, कोषाध्यक्ष सुजीत महतो, भोलानाथ ओहदार, शंकर महतो, कार्तिक महतो, कहिनीमा ओहदार, अगम लाल महतो, मोहन महतो, महावीर महतो, दशरथ महतो, कन्हैया ओहदार, शीतल ओहदार, रमेश महतो, मटम महतो, महरंम महतो, बजरंग महतो, मोहन महतो, सुमन महतो, अमित महतो, रवि मुंडा, संदीप महतो, सुदेश महतो, रोहित प्रमाणिक, मुकेश प्रमाणिक, रविन्द्र महतो, राजेन्द्र ओहदार, रामप्रसाद प्रमाणिक सहित टुंण्ढूल, डोरिया टोली, मटटोली, होटवासी सहित दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण शामिल थे।

# बालालौंग से डोरियाटोली को जोड़नी वाली सड़क 25 सालों से कच्ची

**कच्ची सड़क के कारण क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगड़ी ब्लॉक की बालालौंग पंचायत के बालालौंग में पिछले 25 साल से सड़क नहीं बनाने के कारण लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। बालालौंग से डोरियाटोली को जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है।

बालालौंग के मुखिया शंकर मिंज ने बताया कि सड़क निर्माण के संबंध में अब तक प्रखंड, जिला मुख्यालय और खिजरी विधायक के चक्कर लगा चुका हूं, पर कोई सुननेवाला नहीं है। मुखिया ने कहा कि हमारे अधिकार क्षेत्र में 200 मीटर तक की सड़क बनाने की अनुमति है, जबकि यहां सड़क लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर लंबी है। इस सड़क से रोजाना पांच हजार से अधिक लोग गुजरते हैं। ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने कहा कि यह राजधानी का दुर्भाग्य है कि राजधानी रांची से सटे हुए क्षेत्रों में भी सड़क, नाली, बिजली और पानी के लिए लोग परेशान हैं। यह मामला ग्रामीण विकास विभाग सांसद और क्षेत्र के विधायक के संज्ञान में दूंगा। साथ ही अगर सड़क निर्माण जल्द नहीं हुआ, तो मामला आंदोलन का रुख लेगा। उन्होंने कहा कि आज नेताओं की पहचान सिर्फ ऑफिस से विधानसभा तक सीमित रह गयी है। खिजरी विधानसभा समेत कई क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है। आज भी रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, बिजली, पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, यह दुर्भाग्य की बात है। मौके पर संजय बडाइक, पूर्व मुखिया सुषमा बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : मांडर प्रखंड के केसकानी गांव में जेठ जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

# जतरा झारखंडी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है : सन्नी टोप्पो

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर किया उदघाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मांडर।** प्रखंड के बरगड़ी पंचायत के केसकानी गांव में बुधवार को जेठ जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शामिल हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उनका भव्य स्वागत किया गया। जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा सन्नी टोप्पो का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। उन्होंने कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किए गए जतरा का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है। साथ ही साथ समाज को जतरा एक दूसरे से समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है। इसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है। हम सभी को अपनी रीति-रिवाज परंपरा को बचाने को ले जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की जरूरत है। वहीं सांसद प्रतिनिधि राजू सिंह ने कहा की आधुनिकता के युग में हम अपने पूर्वजों द्वारा बनाई गई संस्कृति को भूलते जा रहे हैं जिसे बचाने की जरूरत है। जिला परिषद रब्बुल अंसारी ने कहा हमलोगों के पुर्वज पहले खोड़हा नृत्य देखते थे पर आज के आधुनिक युग में परिस्थिति बदल रही है लेकिन एक कहावत है जे नाची से बाची इस बात को नहीं भुलना चाहिए। मौके पर मुखिया लक्ष्मण भगत,ग्राम प्रधान विनोद उरांव व राज सिंह।

जतरा को सफल बनाने में अध्यक्ष राजकुमार सिंह सचिव संदीप उरांव, कोषाध्यक्ष विनोद उरांव, राजेंद्र उरांव, रोहित सिंह, मनजीत सिंह, कालू उरांव, हीरो उरांव, संतोष उरांव सहित समस्त ग्रामीण लगे हुए थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो प्रखंड के ईंटा गांव में सरना समिति ने किया जेठ जतरा का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईंटा गांव में सरना विकास समिति के तत्वावधान में मंगलवार को 21 पड़हा जेठ जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने कहा पड़हा जतरा हमारे पूर्वजों की देन है। उन्होंने कहा कि जतरा जहां मनोरंजन का साधन है, वहीं अपनी पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखने का एक माध्यम भी है। मौके पर सोमरा उरांव, महावीर उरांव, दिलु मिंज, रवि उरांव, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, समाजसेवी जाग्रे उरांव, बबलू उरांव, पंकज कुजूर, भदेश्वर लकड़ा, सुरेश बाड़ा, दिन तिर्की और ईंटा गांव के गणमान्य नवयुवक साथी एवं ग्रामीण सहित कई लोग मौजूद थे।

## बेड़ो मुखिया संघ ने किया थाना प्रभारी का स्वागत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मुखिया संघ बेड़ो के अध्यक्ष रमेश उरांव की मौजूदगी में अलग-अलग पंचायतों के मुखिया ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम का स्वागत सह औपचारिक भेंट किया। इधर मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि हम सब एक-दूसरे के अभिन्न अंग हैं। हमें आपस में परस्पर तालमेल बैठाते हुए क्षेत्र में शांति व्यस्था बहाल करने की आवश्यकता है। मौके पर रांची जिला मुखिया संघ सचिव सह पुरियो मुखिया नीरज कुजूर, सुशांति भगत, जतरू उरांव, लक्ष्मी कोया, प्रबला केरकेट्टा, सरिता एक्का, पार्वती मिंज, गंगी कुमारी, पंचू उरांव, वीरेंद्र भगत, सुनीता सोरेंग, पूर्व मुखिया जामटोली सुनील कच्छप, कुलदीप उरांव व बबलू लोहरा समेत कई मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बेड़ो में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच जोड़ा बैल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जोड़ा बैल का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुक भौता उरांव, विनोद भगत, बिरबल भोक्ता और कपिल नाथ मांझी के बीच दो-दो बैल समेत कुल 8 बैलों का वितरण किया गया। प्रति किसान 40 हजार की योजना में 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान है। वहीं शेष 10 प्रतिशत लाभुक से अंशदान लिया गया। पशुधन का वितरण सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय पशुपालन पदाधिकारी डा. संजय उरांव की देखरेख में प्रमुख विनिता कच्छप, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी बेरोनिका उरांव, पूर्वी पार्वती कुमारी,विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, मुखिया गंगी कुमारी व वीरेंद्र भगत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि इससे किसानों को कृषि कार्य में सहयोग के लिए जोड़ा बैल का वितरण किया गया। इसका सीधा लाभ किसानों को होगा। साथ ही रोजगार का भी सृजन होगा। वहीं मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार, पशुधन पर्यवेक्षक भरत पासवान,भ्रमणशील टेक्नी शियन इरफान अंसारी, कुलदीप उरांव व बिरसा उरांव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मझिआंव में महाराणा प्रताप की जयंती मनायी गयी



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक रोड स्थित महराणा प्रताप चौक मझिआंव में वीर सिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनायी गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षत्रिय करणी सेना के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह और प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह ने दीप जलाकर, पुष्पांजलि अर्पित, शस्त्र पूजन कर किया। नीरज सिंह ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में महाराणा प्रताप चौक पर वीर सिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति जल्द ही स्थापित की जाएगी। वहीं प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि वीर महाराणा प्रताप के शौर्य का ही परिणाम था कि अकबर की भारी-भरकम सेना होने के बावजूद भी उन्हें मुगल कभी गिरफ्तार नहीं कर सके और ना ही मेवाड़ पर पूर्ण अधिकार जमा सके। महाराणा प्रताप भारत के महान शूरवीर सपूतों में एक थे। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजपूत राज परिवार में हुआ था। पिता उदय सिंह मेवाड़ा वंश के शासक थे। शूरवीर महाराणा प्रताप ने मुगलों के अतिक्रमणों के खिलाफ अनगिनत लड़ाइयां लड़ी थीं। अकबर को तो उन्होंने 1577,1578 और 1579 युद्ध में तीन बार बुरी तरह हराया था। महाराणा प्रताप ने जंगल में घास की रोटी खाई और जमीन पर सोकर रात जरूर गुजारी, लेकिन अकबर के सामने कभी हार नहीं मानी। महाराणा प्रताप अपनी तलवार से दुश्मनों के एक झटके में घोड़े सहित दो टुकड़े कर देते थे। वही महाराणा प्रताप सिंह का विशाल व्यक्तित्व था, उनकी लंबाई 7 फुट 5 इंच थी जो कि अकबर की लंबाई से बहुत ज्यादा थी। उनके बलशाली शरीर का वजन 110 किलोग्राम था। युद्ध के मैदान में 104 किलो की दो तलवारें अपने पास रखते थे, ताकि जब कोई निहत्था दुश्मन मिले तो एक तलवार उसे दे सकें, क्योंकि महाराणा प्रताप निहत्थों पर वार नहीं करते थे। उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। वहीं मौके पर नवल सिंह, अरबिंद सिंह, अशोक सिंह, धनंजय सिंह, संजीव कमलापुरी,लालूबीरेंदर सिंह शर्मा जी, मोनू कमलापुरी,मोनू सिंह, जयराम सिंह,रोहित सिंह अंकित सिंह,बबलू सोनी छोटू सिंह एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेहला पुलिस ने किया शाजिद हत्याकांड का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

# पिता का महिला से अवैध संबंध बना नाबालिग पुत्र की हत्या का कारण

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत भोलाटांड गांव निवासी जिबाराइल अंसारी के नाबालिक पुत्र शाजिद अंसारी (15) की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि हत्या का मूल कारण अवैध संबंध था। शाजिद विगत छह मई की रात को गांव में ही एक शादी समारोह में गया था। जहां से उसे विकास कुमार चौधरी और उपेंद्र चौधरी बहला फुसलाकर खुटिसोत नदी किनारे शमशान घाट के पास ले गए और उसकी हत्या कर शव को दो पत्थरों के बीच में छुपा दिया। जहां से आठ मई को शव बरामद किया गया।



गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देती पुलिस।

जांच में उतरी पुलिस ने रक्साहा गांव निवासी उपेंद्र चौधरी को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उपेंद्र ने बताया कि उसके साले की पत्नी के साथ मृतक शाजिद के पिता जिबाराइल अंसारी का अवैध संबंध था। जिसके बारे में पूरे गांव को जानकारी थी। इससे परिवार की बदनामी हो रही थी। इसी बात से नाराज हो कर उसने अपने साले विकास चौधरी उर्फ बादशाह के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि घटना के बाद से विकाश चौधरी फरार है। विकास मूलतः शाहपुर का रहने वाला है, जो पिछले दो सालों से घर बनाकर भोलाटांड गांव में रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। जल्द ही विकाश चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, घटना के उद्भेदन में थाना प्रभारी नेमधारी रजक के अलावा एसआई अलख नाथ चौबे और एएसआई शिवाजी सरदार की अहम भूमिका रही।

## महिलाओं को मिलनेवाली सुविधा में नहीं होगी कोई कटौती: अरुणा शंकर

कहा- नेता जी को रास नहीं आ रहा पांच रुपया किराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को पत्रकारों से बातें करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देना मेरी प्राथमिकता है। कहा कि चैनपुर और सिगरा शहर से कोई छात्रा-महिला 50 रुपया आने-जाने का किराया देती थी उसकी जगह मात्र पांच रुपय में डीएवी, सेक्रेड हार्ट, एलिट या महिला बीईडी कॉलेज जो निगम क्षेत्र से मात्र दो-तीन किलोमीटर दूरी पर है जाना चाहती तो उन सभी छात्राओं एवं महिलाओं को सुविधा देना निगम का फर्ज है। इसी उद्देश्य से निगम की महिला पिंक सिटी बस का परिचालन किया गया है। महिलाओं या छात्राओं को निगम के बॉर्डर या रास्ते पर नहीं उतारा जा सकता। ऐसे भी निगम बस कॉन्ट्रैक्ट से पूरा पैसा अग्रिम ले रहा और 10 से 20 रुपया तक भाड़ा लेने की अनुमति दी है। जबकि मेरे कहने पर कांट्रैक्टर मात्र पांच रुपया किराया लेकर बस का परिचालन छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं के हित में कर रहा, जिसके नुकसान की भरपाई मैं निजी रुप से करूंगी। जो लोग इस तरह का मुद्दा उठाते है वह कभी महिलाओं का हित नहीं चाहते। बस बेतुके मुद्दे उठाकर चर्चा में बने रहना उनका मकसद है। जहां तक परमिट की बात है सभी बस की परमिट है और सभी कागजात निगम ने दुरुस्त कर कांट्रैक्टर को दिया है। मुझे आश्चर्य है कि एक साल से बालू नहीं मिल रहा है। पीएम आवास रद्द हो रहे है और अगले माह से ऐसे भी छह महीना बालू का उठाव रुक जाएगा। अगर नेताजी में दम हैं तो सरकार के खिलाफ बालू पर मोर्चा क्यों नहीं खोलते। उनके साथ मैं खड़ी रहूंगी। प्रथम महापौर ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुविधाओं में कोई कटौती नहीं होगी। उन्हें जहां धरना प्रदर्शन करना है करें।



### 18 को स्थापित होगी बाबू वीर कुंवर सिंह की नवनिर्मित प्रतिमा

उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पांडेयपुरा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण 18 मई को किया जाना है। विकास कुमार सिंह उर्फ फुदन सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों को सामान्य रूप से सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो भी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। कमेटी से आग्रह है कि मिलजुल कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा के अनावरण में निमंत्रण पत्र दिया गया। जिसकी जानकारी कमेटी ने मीडिया को दिया। बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा 18 मई दिन गुरुवार को रखा गया है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### भारतीय रिजर्व बैंक रांची की ओर से हुसैनाबाद में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को किया पुरस्कृत



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। भारतीय रिजर्व बैंक रांची के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय बालिका उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांडु, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और उंटारी प्रखंड के 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आरबीआई के सहायक प्रबंधक सोहम कुमार सोम, ग्रामीण बैंक के अभय कुमार जिला अग्रनी बैंक के अनुकरण तिर्की व एसबीआई हुसैनाबाद के मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले को पांच हजार और द्वितीय स्थान पाने को चार हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार पाने वालों में हुसैनाबाद प्रखंड में बक्सी उच्च विद्यालय के आकाश कुमार उपाध्याय व राहुल पाल (प्रथम), जबकि कामगारपुर उच्च विद्यालय के सत्यम कुमार व विद्यानशु कुमार द्वितीय और पांडु प्रखंड में डाला कला सम्बद्धता प्राप्त उच्च विद्यालय के खुशबू कुमारी व अंजली कुमारी (प्रथम), जबकि कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय पांडु की चंचला कुमारी व नेहा कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे ।

### हुसैनाबाद में 21 मई को कव्वाली का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 स्थित पठान टोली खगड़िया मुहल्ला में समाजसेवी इब्राहिम सेठ के अवास परिसर में 21 मई को इस बार भी कव्वाली मुकाबला के आयोजन को लेकर बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान और संचालन सम्मु खान ने किया। बैठक में मुख्य आयोजनकर्ता इब्राहिम सेठ ने बताया कि दाता पीर बख्स रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स के मौके पर 20 मई को जलसा और 21 मई को कव्वाली मुकाबला आयोजित होगा। आयोजन को सफल बनाने को लेकर शीघ्र ही तैयारी समिति का गठन किया जाएगा। इस मौके पर नदीम खान, मुस्लिम खान, इजहार अंसारी, एसएन अकरम खान, अली असगर खान उर्फ केवाल, सहसा खान आदि थे।

## सभी योजनाओं को समय से पूरा करें: डीसी

### 28.97 करोड़ की अनुमानित लागत से कुल 157 योजनाओं का अनुमोदन

- डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा
- नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 34 प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 के लिये 28 करोड़ 97 लाख रुपये की अनुमानित लागत से कुल 157 योजनाओं का अनुमोदन किया गया। इसके अलावे नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 34 प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। डीसी ने सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सभी पदाधिकारी इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। इसके पूर्व डीसी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि 27 योजनाओं में से 22 योजना को पूर्ण कर लिया गया है, जबकि पांच योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल प्राप्त आवंटन के विरुद्ध 50 योजना को स्वीकृत किया गया है जिसमें तीन योजना पूर्ण है। शेष 47 निविदा की प्रक्रिया व कार्य प्रगति पर है। बैठक में वैसी योजनाएं जो कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के प्रत्याशा में स्वीकृत की थी ऐसी 29 योजनाओं का आज समिति की ओर से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में डीसी के अलावा डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गिरता भूगर्भ जलस्तर चिंता का विषय : अशोक

पर्यावरण सह शिक्षाविद ने बताया जलस्तर को बरकरार रखने का उपाय

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पर्यावरण सह शिक्षाविद अशोक पांडेय ने कहा कि विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में लगातार भूगर्भ जल स्तर गिरना चिंता का विषय है। इसके प्रति जिला प्रशासन द्वारा संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। जिससे आने वाले दिनों में पेयजल को लेकर स्थिति भयावह हो सकती है। वे बुधवार को भंडार स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने भूगर्भ जलस्तर को बरकरार रखने के कई उपाय भी बताये। कहा कि जलस्तर को बढ़ाने के लिए बरसात के पानी को एकत्र करना होगा। इसके लिए आहार, बांध, तलब आदि का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर, नावाबाजार प्रखंड के सीमा पर अवस्थित कौरव जो एकमात्र जिंदा नदी है। इसे बांधकर इस क्षेत्र के जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है। वैसे भी कौरव जलाशय योजना की मांग पिछले 36 वर्षों से ही रही है। इसके निर्माण कार्य पूरा हो जाने से बरसाती पानी का ठहराव होगा और क्षेत्र में भूगर्भीय जलस्तर बढ़ जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी नदी,नाले, तालाब व कुआं सूख गए हैं। क्षेत्र में पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। कल तक जहां 20 फीट की खुदाई पर कुएं में पानी मिल जाता था, आज वहीं 40 फीट की खुदाई करने के बाद भी एक बूंद पानी मयस्सर नहीं हो रहा।



### आशी केयर अस्पताल ने आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहर के आशी केयर अस्पताल पांकी रोड रेड़मा की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम महापौर अरुणा शंकर का स्वागत डॉ रेणु यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत हिंदी की प्रख्यात विद्वान डॉ प्रमिला पाठक, नेचर क्लब सोसाइटी के संस्थापक डीएस श्रीवास्तव, केजी गर्ल्स हाई स्कूल की प्राचार्या सुषमा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में डॉ रेणु यादव (संजय गाँधी मेमोरियल हॉस्पिटल नई दिल्ली) ने अपनी सेवा दी।

## कार्यकाल समाप्ति के बाद भी पूर्व मेयर का निगम में दखल जारी: दीपक तिवारी

कहा- नगर आयुक्त बस के ठहराव स्थल और रूट की जानकारी सार्वजनिक करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के राज्य समन्वयक और निगम क्षेत्र में सुविधाएं बहाल करने के लिए लगातार आवाज उठाने वाले दीपक तिवारी ने पिंक सिटी बस के परिचालन में पूर्व मेयर अरुणा शंकर पर मनमाना रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। झामुमो नेता दीपक तिवारी का आरोप है कि अरुणा शंकर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी वो निगम के कार्यों में दखल दे रही हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निगम के निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद निगम के कार्यों का क्रियान्वयन नगर आयुक्त द्वारा किया जाना है, लेकिन ऐसा लगता है कि अरुणा शंकर सत्ता जाने को पचा नहीं पा रही हैं। कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम की जनता से टैक्स के रूप में वसूले गए पैसों से निगम द्वारा चार पिंक सिटी बस खरीदे गए, जिनका दायरा मेदिनीनगर निगम क्षेत्र तक ही है। निगम क्षेत्र की महिलाओं को सुविधा प्रदान करना बस परिचालन का मुख्य उद्देश्य था लेकिन नियम विरुद्ध निगम क्षेत्र से बाहर जाकर ज्योति प्रकाश बीएड कॉलेज तक बस को जाने की अनुमति किसके द्वारा दी गयी, यह समझ से परे है। अब जब निगम की सभी शक्तियां निगम आयुक्त के अधीन है तो निगम के बस का संचालन पूर्व मेयर के इशारे पर क्यों हो रहा है। निगम प्रशासन पिंक सिटी बस के संचालन की जिम्मेवारी खुद ले। निगम प्रशासन बस के ठहराव स्थल और अंतिम पड़ाव को निर्धारित कर समय सारिणी को सार्वजनिक करे। नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।



## विधायक ने की हुसैनाबाद के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा स्थित हैदरनगर के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा की है। इसमें हुसैनाबाद बक्शी उच्च विद्यालय, राजकीयकृत प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय, हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय, हैदरनगर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय शामिल है। विधायक ने कहा कि इसके बाद भी अन्य विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिलाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंडों के प्रमुख उच्च विद्यालयों को भी उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिलाया जायेगा। कहा कि शिक्षा पर उनका खास ध्यान है। एक-एक कर विद्यालयों की समस्या का निदान किया जा रहा है।



## स्पोर्ट्स



ताशकंद में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों ने इतिहास रच दिया है। बुधवार को भारत ने तीन मेडल पक्के कर लिये। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारत ने एक सीजन में इतने मेडल जीते हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों ने रचा इतिहास : पहली बार तीन मेडल जीते

# निशांत देव, हसमुद्दीन और दीपक के मेडल पक्के

एजेंसी

**ताशकंद।** भारतीय मुक्केबाज ने ताशंकद में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। चैंपियनशिप में बुधवार को भारत के तीन मेडल पक्के हो गए हैं। टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने एक सीजन में इतने मेडल अपने नाम किए हैं। यहां निशांत देव, मोहम्मद हसमुद्दीन और दीपक भोरिया ने अपनी-अपनी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉप-4 में प्रवेश करते हुए इन तीनों के मेडल पक्के हो गए हैं, क्योंकि बॉक्सिंग में चार खिलाड़ियों को मेडल मिलते हैं। यानी कि एक सांत्वना ब्रॉन्ज मेडल भी दिया जाता है। तीनों मुक्केबाज अपनी-अपनी सेमीफाइनल बाउट 12 मई को खेलेंगे। बता दें कि चैंपियनशिप में भारत अब तक गोल्ड मेडल नहीं जीत सका है। चैंपियनशिप की 75 केडी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दीपक भोरिया ने अजरबैजान के उमिद रूस्तामोव को 5-0 से हराया है। दीपक चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले 8वें भारतीय मुक्केबाज बने। बतातें चलें कि दीपक के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के थोड़ी देर में मोहम्मद हसमुद्दीन ने चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का दूसरा मेडल तय किया। उन्होंने 57 केजी वेट कैटेगरी में बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज को 4-3 से मात दी। दीपक और हसमुद्दीन के बाद निशांत देव ने 71 केजी वेट कैटेगरी में क्यूबा के जॉर्ज कुएलर को 5-0 से परास्त किया।



### सचिन-हर्ष पहली बार ले रहे हैं भाग

टीम में 2021 यूथ वर्ल्ड चैंपियन सचिन सिवाच (54 किग्रा) और हर्ष चौधरी (86 किग्रा) पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इनके अलावा सभी बॉक्सरों के पास वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खेलने का अनुभव है।

### 104 देशों के 640 बॉक्सर ले रहे हैं भाग

ताशकंद में 104 देशों के करीब 640 बॉक्सर भाग ले रहे हैं। इसमें सात डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन भी शामिल होंगे, जिनमें फ्रांस के सोफियान ओउमिहा, जापान की टोमोया त्सुबोई और सिवोन्रेट्स ओकाजावा, अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो, कजाकिस्तान के सकेन बिबोसिनोव और क्यूबा के योएनलिस हर्नांडेज मार्टिनेज और जूलियो ला क्रूज शामिल हैं।

## तेजस्विनी परियोजना की अवधि के विस्तार को लेकर युवाओं ने मुख्यमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में चल रही तेजस्विनी परियोजना का दीर्घकालीन अवधी विस्तार को लेकर क्षेत्र की किशोरियों-युवतियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पोस्टकार्ड भेजा है। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तेजस्विनी परियोजना में विगत 2019 से जुड़ी हैं। तेजस्विनी परियोजना के माध्यम से मशरूम उत्पादन, दुकान खोलना, सिलाई करना जैसे विभिन्न स्वरोजगार कर आय अर्जन कर रहे हैं। साथ ही व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण के लिए उनका काउंसलिंग भी हो गया है। जिसके प्रशिक्षण के लिए वे प्रतीक्षा में हैं। व्यवसाय कौशल का प्रशिक्षण लेकर स्वयं रोजगार करने के लिए प्रतीक्षा में है। उन्हें युवा उत्प्रेरक दीदीयों से पता चला है कि परियोजना 25 अगस्त को बंद हो जाएगी। ऐसा हुआ तो उन्हें आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि तेजस्विनी परियोजना का दीर्घकालीन अवधि विस्तार किया जाए, ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे।



### प्रखंड और क्षेत्रीय स्तरीय कलस्टर समन्वयक ने भी भेजे पोस्टकार्ड

उधर परियोजना के प्रखंड स्तरीय कलस्टर समन्वयक, क्षेत्रीय समन्वयक और प्रखंड समन्वयक की ओर से भी पोस्ट कार्ड भेज कर मुख्यमंत्री को परियोजना की अवधी विस्तार करने का आग्रह किया गया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री जी का जो सपना है किशोरियों और महिलाओं को आगे बढ़ाने और बेटियों को सम्मान देने का उसे पूर्ण किया जा सके। आज तेजस्विनी परियोजना एक महत्वकांक्षी परियोजना के रूप खड़ी हो चुकी है। इस मौके पर सीसीसी शोभा, सुनीता, ममता, इंदु, कर्णावती कुमारी, वाइएफ में सीमा देवी, दीपा सुमन, अनुराधा ममता, सरिता, कंचन, रेखा, धर्मशिला देवी सहित क्षेत्र के सैकड़ो किशोरी व युवतियों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से अवधी विस्तार की अपील की है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 मई, 2023
www.azadsipahi.in
11

जमसं के महामंत्री सह जेबीसीसीआइ सदस्य सिद्धार्थ गौतम को 51 किलो का हार पहनाकर किया गया भव्य अभिनंदन

# श्रमिक हित में काम करने, उन्हें उनका हक दिलाना ही जमसं का उद्देश्यः सिद्धार्थ गौतम

**जमसं की सदस्य संख्या बढ़ने पर जताई खुशी, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



जमसं के महामंत्री सह डेबीसीसीआइ सदस्य सिद्धार्थ गौतम को 51 किलो का फूलों का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

**धनबाद।** धनबाद कोयला भवन रिक्रिएशन क्लब में बुधवार को जनता मजदूर संघ (जमसं) की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जमसं के सहायक सचिव कृपाशंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित समारोह में संगठन के महामंत्री सह जेबीसीसीआइ सदस्य सिद्धार्थ गौतम को 51 किलो का माला पहनाकर भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि विगत 18 अप्रैल की जेबीसीसीआइ की बैठक में श्रमिकों से जुड़ी कई अहम मुद्दों पर बातें रखी गई है। कई पर सहमति भी बनी है। क्लर्क की परीक्षा का भी मुद्दा उठाया है। परीक्षा में आउट ऑफ सिलेबस से प्रश्न पूछे जाने की समस्या को भी रखा गया है, इस पर कोल इंडिया प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि कुछ जो खाली सीटें रह गई है उसके साथ ही आगामी नए मैन पावर बजट के साथ जोड़कर कम्बाइंड कर परीक्षा ली जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रेड यूनियन जमसं में रहकर काम करना अच्छा लगता है। यहां सीखने को काफी कुछ है। कई बार समस्याएं भी आती है तो उसके समाधान के रास्ते भी निकल आते हैं। हमें अपने काम को एक विश्वास के साथ करना है। सफलता जरूर मिलेगी। श्रमिकों के हित में ज्यादा से ज्यादा कार्य करना, उन्हें उनका हक दिलाना ही जमसं का उद्देश्य है। आज हमारा संगठन बीसीसीएल में एक नंबर पायदान पर है। सीसीएल में भी हम अच्छे पॉजिशन पर हैं और अब इसीएल में भी हमारा संगठन खड़ा हो रहा है। राजमहल से अब तक 250 सदस्य जमसं के भी बन चुके हैं। वहीं, करीब 150 और सदस्य बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसीएल में प्रवास करेंगे। समारोह में केंद्रीय उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सलाहकार समिति सदस्य गोपाल मिश्रा, केंद्रीय सचिव सत्येंद्र सिंह और रूद्र प्रताप सिंह, सहायक सचिव कृपाशंकर सिंह, अशोक कुमार महतो, समरेंद्र चट्टोपाध्याय, मोहम्मद साजिद, रंजन भुइंया, राजेश कुमार सिंह, सुबोध पंडित, सौरभ सिंह, सुबोध सिंह, परितोष, अमित सरण, सुमन झा, धनु दास सुखेन, मनजीत और रोहित आदि उपस्थित थे।

## मणिपुर से घर वापसी के बाद सौम्या ने डीसी से मिल कर जताया आभार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में हुई हिसंक घटनाओं के कारण केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल में अध्ययनरत बोकारो निवासी सौम्या सलोनी सकुशल अपने घर पहुंच चुकी है। इसके बाद वो बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात करने उनके कार्यालय कक्ष में पहुंची। सौम्या सोलोनी अपने परिजनों के साथ डीसी से मिली और मणिपुर घटना से हो रही परेशानी को बताया। डीसी ने सौम्या सोलोनी को सलाह दिया की जबतक मणिपुर में हालात सामान्य नहीं हो जाते तब तक बोकारो में ही रहे। संभव हो तो दुरस्थ शिक्षा ले सकती है। इसके बाद सौम्या और उसके परिजनों ने सरकार और डीसी का आभार प्रकट किया।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**
E-mail ID – csofficeranchi@yahoo.com

**Tender No. : 1589 Date 9.5.2023**
अल्पकालीन निविदा ।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औशधि परियोजना के अन्तर्गत रॉंची जिले के अनुमंडलीय अस्पताल,बुंडू, रेफरल अस्पताल, मांडर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, में जन औशधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेन्सी का चयन निविदा की माध्यम से किया जाना है। इन्छुक निविदादाता से निविदा दिनांक 27.6.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

निविदा से तकनीकि विवरण/संबंधित नियम/शर्त आदि website www.sadarhospital.com पर दिनांक 13.5.2023 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन/शुद्धि पत्र website www.sadarhospital.com पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची।

PR.NO.296935 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

## वर्ल्ड लुपस दिवस पर बीजीएच में परिचर्चा का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्व लुपस दिवस पर बुधवार को परिचर्चा के लिए बीजीएच में कार्यकारी एडिश्नल सीएमओ इंचार्ज डॉ श्रवण कुमार के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के चिकित्सकों ने लुपस के प्रति जागरूकता के इस प्रयास को समर्थन देने के लिए प्रतीकात्मक रूप से पर्पल रिब्बन लगाकर इस परिचर्चा में बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। लुपस एक घातक बीमारी है जो शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकती है। इस बीमारी में शरीर का इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा प्रणाली) ही ऊतकों और अंगों को नुकसान पहुंचाने लगता है। आमतौर पर लुपस कम उम्र की महिलाओं में देखा गया है पर यह बीमारी किसी भी उम्र के स्त्री या पुरुष को हो सकता है। इसके विशेष लक्षण में गाल और नाक के ऊपर तितली के पंखों के आकार जैसे चकत्ते का बनना देखा गया है जो धूप लगने पर और अधिक उभर जाता है। परिचर्चा की शुरूआत डॉ अदिति थवैत द्वारा वर्ल्ड लुपस दिवस की अहमियत पर एक व्याख्यान के साथ हुई। इसके बाद डॉ सुभाशीष द्वारी ने लुपस के क्लिनिकल पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। गर्भावस्था में लुपस के उचित प्रबंधन पर डॉ ममता सिन्हा ने प्रकाश डाला और डॉ अवनीश ने लुपस से जड़े तथ्यों एवं मिथकों पर चर्चा की। प्रश्नोत्तरी सत्र में लुपस के विभिन्न पहलुओं पर चिकित्सकों ने जानकारी साझा की। बीजीएच की एकैडमिक कमेटी द्वारा आयोजित इस परिचर्चा का समन्वयन जेनरल मेडिसिन विभाग के डॉ सिमल मार्डी तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ कीर्ति अनिमा ने किया।

## 310 करोड़ की लागत से बन रही जलापूर्ति योजना की यही धीमी चाल रही तो झरिया की आधी आबादी प्यासी रह जायेगी : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता





पत्रकारों से बातें करते रागिनी सिंह।

**धनबाद।** झरिया-कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर झरिया के ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। साथ ही वर्तमान झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार और बीसीसीएल को कटघरे में खड़ा किया। रागिनी सिंह ने कोयले से होने वाले धूल-प्रदूषण पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदूषण से बचाव और निगरानी के लिए केंद्र सरकार ने नगर निगम को 63 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इन पैसों में से निगम ने पिछले डेढ़ साल में 45 करोड़ रुपए खर्च भी कर दिया है, लेकिन प्रदूषण कम नहीं हुआ है। धूल के कारण यहां रहने वाले लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। लगे हाथ झरिया में 310 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा जलापूर्ति योजना की अवधि खत्म होने पर भी चिंता जाहिर की। कहा कि अगर कंपनी को एक्सटेंशन नहीं मिला तो जलापूर्ति योजना अधूरी रह जाएगी। काम की गति धीमी होने के कारण अब तक मात्र 30-40 फीसदी ही काम हुआ है। अगर इसकी अवधि नहीं बढ़ाई गई तो झरिया की आधी आबादी को प्यासे रहना पड़ेगा। इसके साथ ही बीसीसीएल पर निशाना साधते हुए बस्ताकोला क्षेत्र में 200 आवासों में रहने वाले कर्मियों की पानी की किल्लत की समस्या पर चिंता जाहिर की। कहा कि इस कॉलोनी में रहने वाले कर्मी पिछले 10 सालों से पेयजल की समस्या झेल रहे हैं। बीसीसीएल अपने कर्मी को कंपनी आवास में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में भी नाकाम है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह झरिया विधानसभा प्रभारी उमेश यादव, मानस प्रसून, संजय कुमार झा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर मुन्ना, संतोष सिंह, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडेय, अरुण साव, राजा राम पासवान, संजय यादव, दिलीप भारती, स्वरूप भट्टाचार्य, छोटू सिंह, रंजीत रवानी, पिंकू चौबे, दिलीप आडवाणी, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, अरिंदम बनर्जी, संजय यादव, इंद्रजीत सिंह, सोनू सिंह और गुड्डू सिंह आदि मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0– 03/2023–24

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना अंतर्गत राँची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य बीज की निकासी एवं बिकी हेतु फिश फ्राई कैचिंग जाल वितरण किया जाना है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :–जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि :– 25,000/– (पच्चीस हजार) रू0 (क0 1 में वर्णित नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :–जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा ,राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.05.2023 को 02:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थानः– क0 3 में यथा वर्णित।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 20.05.2023 को 03:15 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखा/प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.296938 Fish(23-24):D

## तेलियाबांध तालाब सौंदर्यीकरण को लेकर सामाजिक संस्था का दो दिवसीय धरना





**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास क्षेत्र के तेलियाबांध तालाब सौंदर्यीकरण को लेकर सामाजिक संस्था हिंदुस्तानी नागरिक गण के बैनर तले बुधवार को कतरास के भगत सिंह चौक पर दो दिवसीय धरना शुरू किया गया है। धरना पर बैठे संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार स्वर्णकार ने बताया कि बीते 21 मार्च को नगर आयुक्त को तेलियाबांध तालाब सौंदर्यीकरण मामले में पत्र लिखकर अवगत कराते हुए 15 दिन के अंदर सकारात्मक पहल करने की मांग की गई थी। लेकिन कोई पहल नहीं होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। बताया कि इसी मामले में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने भी विगत 11 नवंबर 2019 को धनबाद नगर निगम के महापौर को पत्र लिखकर तेलियाबांध के जीर्णोद्धार की मांग की थी। धरना पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार, डॉ स्वतंत्र कुमार, डॉ मधुबाला, कृष्ण कन्हैया राय, मुन्ना साव, बिंदुल लहेरी, शक्ति मिश्रा, सोमनाथ दे, दिलीप तर्वे, बबलू सिन्हा, दीप नारायण तिवारी, सरस्वती देवी, निर्मला देवी, पप्पू हरी, प्रदीप गुप्ता, राकेश सिन्हा और आबिद हुसैन आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता ने किया बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता ने बुधवार को बरमसिया स्थित बाल संप्रेषण गृह (बाल सुधार गृह) का निरीक्षण किया। जहां कई अनियमितता पाई। इसके बाद बाल संप्रेषण गृह की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। यहां के दफ्तर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर न पाकर काफी नाराजगी जाहिर की। कहा कि हर सरकारी दफ्तर में राज्य के मुख्यमंत्री के साथ ही राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीर भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि कर्मचारियों में संवेदनशिलता का आभाव है। उनमें कार्यों के क्रियान्वयन की क्षमता का आभाव है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार सभी जगहों में बाल संप्रेषण गृह (बाल सुधार गृह) का निरीक्षण कर बाल बंदियों के रख रखाव, व्यवस्था का जायजा लेने की जिम्मेदारी मिली है।

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, रामगढ़**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सं० :– ZP/RAMGARH/02/2022-23 (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gola | Construction of Health Sub Centre at Saram , Gola. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 2 | Dulmi | Construction of Health Sub Centre at Soso, Dulmi. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 3 | Patratu. | Construction of Health Sub Centre at Sutharpur, Patratu. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 18.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 25.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate for Credit Facility दिनांक 26.05.2023 अपराह्न 5 : 00 बजे तक जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, रामगढ़, दिनांक–27.05.2023 को अपराहृन 2 : 00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०– 8986791292, 06553–231504
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।
9. व्यक्तिगत नाम से पंजीकृत संवेदक अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय डाकघर सावधि जमा पत्र, 03वर्षीय/05 वर्षीय बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) तथा कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का 05 वर्षीय/03 वर्षीय B.G जो की जिला अभियंता, जिला परिषद,रामगढ़ के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
12. निविदा दो लिफाफा पद्धति में लागु होगा।
13. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।


जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 296906 District(23-24).D

डॉक्टरों ने दी ओआरएस के सेवन और बेवजह धूप में नहीं निकलने की सलाह

# धनबाद में पारा 40 के पार, बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता





**अगले एक सप्ताह तक तापमान में गिरावट के नहीं दिख रहे लक्षण**

मौसम विभाग की मानें तो धनबाद में गुरुवार और शुक्रवार को भी पारा 41 डिग्री के आसपास ही रहेगा। शनिवार को हल्की राहत दिख सकती है, लेकिन रविवार को फिर से सूर्य के तेवर तल्ख दिखेंगें। सोमवार और मंगलवार को तो तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

**हीटस्ट्रोक जानलेवा, त्वचा और आंखों को भी समस्या**

सिविल सर्जन ने बताया कि कोयलांचल में गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक चल रहा है। लगातार तेज धूप के बीच रहने वाले व्यक्ति तुरंत बीमार पड़ सकते हैं। शरीर में पानी की मात्रा कम हो जा रही है, इसके अलावा तेज धूप से शरीर पर लाल चकत्ते हो रहे हैं। आंखों को भी ड्राइनस हो रहा है। ऐसे में सुबह 11 से शाम 4 बजे के बीच बेवजह धूप में नहीं निकले।

**धनबाद।** कोयलांचल में भीषण गर्मी का कहर जारी हैं। शहर का तापमान 40 के पार चला गया है। बुधवार को धनबाद का अधिकतम तापमान 41 डिग्री, जबकि न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में हीटस्ट्रोक के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। बता दें कि धनबाद सहित पूरे राज्य में गर्मी सितम ढा रही है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टी अभी नहीं हुई है। ऐसे में स्कूली बच्चे और कामकाजी लोग परेशान हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो कोयलांचल में तेज गर्मी के कारण हीटस्ट्रोक चल रहा है। इसकी चपेट में आने वाले लोग बीमार हो रहे हैं। लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में सीधे तेज धूप में आने से बचने की सलाह दी जा रही। स्वास्थ्य विभाग ने धनबाद समेत अन्य जिलों के सिविल सर्जन और डीसी को भी निर्देश जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में इससे निपटने के लिए उचित संसाधन और व्यवस्था करने को कहा। दूसरी ओर सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने लोगों को तेज धूप से बचने की सलाह दी है। उन्होंने सभी सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। खासकर छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने को कहा जा रहा है।

**सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दिया जा रहा ओआरएस**

सिविल सर्जन ने बताया कि गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी और स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस और जिंक का पैकेट निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। कोई भी जरूरतमंद अपने निकट के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर ओआरएस का पैकेट ले सकते हैं। इसके अलावा लू से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अस्पतालों में इसके लिए अलग से बेड रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या:– RWD/SD/LATEHAR/03/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 24.05.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25.05.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 25.05.2023 को 3:30 बजे अपराह्न, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्ररिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8 परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. ससमय कार्य पूर्ण करने एवं आवंटित कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने व गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे संवेदक जिनके पास डी०एम०एफ०टी० अन्तर्गत ली गयी योजना लातेहार जिलान्तर्गत लम्बित है, वैसे संवेदक को BOQ नहीं दी जायेगी।
11. कार्यकारी एजेंसी निविदा का शेर्तों में यह सुनिश्चित कर लें कि संवेदक को 05 वर्ष की अवधि तक उक्त योजना की मरम्मति एवं रख–रखाव की जिम्मेदारी लें। इस आशय का दस्तावेज संवेदकों से सहमति पत्र के माध्यम से लें, इसके लिए 10% की प्रतिभूति राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–138 दिनांक–06.05.2023 एवं ज्ञापांक–85 दिनांक–20.04.2023 के अन्य शर्ते भी संवेदक को मान्य होगा।
12.. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत बेन्दी के ग्राम लेधपा में वामपंथी प्रभावित क्षेत्र आजीविका सृजन के लिए पांच दुकान इकाईयों (अष्टकोणीय मॉडल) की स्थापना। | 2394102 | 5000 | 47000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत तरवाडीह के ग्राम ओरेया में जर्जर ऑंगनबाडी केन्द्र भवन का नवनिर्माण। | 1440500 | 2500 | 29000 | 3 माह |

नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 296855 Rural Development (23-24)_D

## 5टी सचिव के गजपति दौरे का दूसरा दिन

# भुवनेश्वर: गंजाम और गजपति में 6620 हेक्टेयर जमीन के लिए मिलेगा पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक हमेशा लोगों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहते हैं. कायाकल्प ने ओडिशा को बदलने और इसे राज्य के विकास मानचित्र पर लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। कल बीजू एक्सप्रेसवे-2 के निर्माण के लिए पहाड़ को काटकर एक सुरंग के माध्यम से सड़क बनाने का आदेश दिया, जो दक्षिण ओडिशा के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अब मुख्यमंत्री ने गंजाम और गजपति को पानी देने के लिए पहाड़ को काटकर और सुरंग बनाकर छेलीगड़ सिंचाई परियोजना के लिए कदम उठाया है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर 5टी सचिव वी. के. पांडियन ने आज परियोजना क्षेत्र का दौरा किया और तुरंत काम शुरू करने की सलाह दी।

श्री पांडियन ने अपने गजपति दौरे के दूसरे दिन आज छेलीगड़ सिंचाई परियोजना क्षेत्र का दौरा किया और अधिकारीयों के साथ बातचीत की. इसके बाद उन्होंने टनल कार्यों का जायजा लिया। श्री पांडियन ने अधिकारियों को सिंचाई परियोजना शीघ्र शुरू करने की सलाह दी। परियोजना से प्रभावित लोगों की शिकायतों को सुनने के बाद जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है.

गौरतलब है कि छेलीगड़ सिंचाई परियोजना गजपति जिला के आर. उदयगिरि ब्लॉक के



छेलीगड़ गांव में इसे लागू किया जा रहा है। इसके लिए 936.63 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए 1280 मीटर लंबी सुरंग खोदी गई है। इससे गंजाम जिले में पानी जा सकता है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर 5201 हेक्टेयर जल संरक्षित किया जा सकेगा तथा गंजाम जिले की 5760 हेक्टेयर तथा गजपति की 500 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। इससे ब्रह्मपुर शहर को पीने का पानी भी मिलेगा। ब्रह्मपुर शहर को हर सेकंड एक घन मीटर पानी मिल सकता है। इसके अलावा गजपति जिले के शिआली लटी, कनकता और डेकीली में मिनी जल विद्युत परियोजनाओं से 36 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा सकता है।

पंद्रह गांवों के प्रभावित लोगों के लिए सात पुनर्वास और पुनर्स्थापन कॉलोनियां बनाई जाएंगी और तीन पुनर्वास कॉलोनियां बनकर तैयार हो चुकी हैं और लोग यहां रहने लगे हैं। शेष 4 निर्माणाधीन हैं। श्री पांडियन ने इसे जल्द पूरा करने की सलाह दी। यह परियोजना 2025-26 तक पूरी हो जाएगी।

बाद में श्री पांडियन ने गुम्मा में निर्माणाधीन बस स्टैंड के कार्य को देखा और इसकी कार्य को बेहतर करने का सुझाव दिया। वहां के उपस्थित मिशन शक्ति महिलाओं से बात की और उनके कार्यों की प्रशंसा की। बाद में गुम्मा में रूपांतर हाई स्कूल का दौरा किया और छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। उन्होंने स्कूल में सृजित नई संपत्ति को अपनी संपत्ति के रूप में संरक्षित करने की सलाह दी और बच्चे को अच्छे से पढ़कर ओडिशा का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके बाद उन्होंने प्रस्तावित पारलाखेमुंडी बाईपास रोड क्षेत्र का दौरा किया और प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की सलाह दी ताकि इसका काम जल्द शुरू हो सके। इस बाइपास के लिए 40 करोड़ रुपए खर्च किए जायेंगे। बाद में, उन्होंने वहां निर्माणाधीन एक नए टाउन हॉल का भी दौरा किया। श्री पांडियन ने बताया कि टाउन हॉल के कार्य को पूरा करने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जायेंगे।

गजपति जिला कला और संस्कृति की भूमि है। इसलिए मुख्यमंत्री ने पारलाखेमुंडी में पांच करोड़ रुपये की लागत से एक सुंदर संस्कृति भवन बनाने की अनुमति दी है, 5टी सचिवों ने कहा।

अंत में दोपहर में रामसागर और कृष्णासागर लघु सिंचाई परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सिंचित क्षेत्रों के किसानों से बात की जाएगी और उन्हें और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए जायेंगें।

राम सागर को पुर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण पर 10 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसके लिए 5टी सचिवों ने 15 दिन के अंदर डीपीआर तैयार करने का सुझाव दिया। इसी प्रकार 15 करोड़ रुपये की लागत से गोसानि नुआगांव प्रखंड में कृष्णा सागर का पुर्णोद्धार किया जायेगा. इससे 2 हजार हेक्टेयर जमीन को पानी मिल सकता है। 5टी सचिवों ने 15 दिन के अंदर इस योजना की डीपीआर बनाने का सुझाव दिया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने सुंदरगढ़ जिले के अधिकांश हिस्सों में मुफ्त मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा।** वेदांता लिमिटेड ने ओडिशा के सुंदरगड जिले में लोगों के लिए मुफ्त मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शुरू की है। इसमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और विशेषज्ञ चिकित्सा तकनीशियन मरीजों को चिकित्सकीय सलाह, रक्तचाप की जांच और सामान्य रोग परिचालना के संदर्भ में उचित सलाह दे रहे हैं। ये सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। वर्तमान में यह सुविधा सुंदरगड जिले के जामखाणी, गरिसिमा, झरपलम, घोगरपल्ली, भोग्राकचर, लतापाणी, रेंगलपाणी, गर्जन्जोर , मेंट्रा, मुंडरखेट, बिलामुंडा बाजार और लुबाहाल जैसे गांवों में दी जा



रही है। एमएचवी पहल ने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सलाह और दवाएं प्रदान करके 1,800 से अधिक लोगों की सेवा की है। वेदांता एल्युमीनियम इस क्षेत्र में नियमित स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित कर रहा है। मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से लोगों को जटिल स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किया जाता है और उचित स्वास्थ्य सलाह दी जाती है। इस पहल के संबंध में श्री श्रीकांत सीईओ-माइन्स, वेदांता एल्युमीनियम ने कहा, हमारा अंतिम लक्ष्य अपने समूह के लिए पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हम उन क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं जहां हम काम करते हैं। हम अपनी बहुमुखी पहलों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की ब्याबधान को दूर करने का अपने प्रयासों को जारी रखी हैं।

झरपलम गांव के सरपचा श्री चंद्रबा मांझी ने कंपनी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि झरपलम जैसे दूरस्थ स्थान में एमएचवी कार्यक्रम हमारे निवासियों की बहुत मदद कर रहा है। इससे लोगों को लाभ मिल रहा है।

## कालांजलि आर्टिस्ट्स ट्रस्ट ने सम्मानित किया सामाजिक कार्यकर्ता को



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अग्रणी सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था कालांजलि आर्टिस्ट्स ट्रस्ट ने उत्कल कला मंडप, भुवनेश्वर में एक सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ओडिशा के महामहिम राज्यपाल प्राफेसर गणेशीलाल मुख्य अतिथि थे, जबकि राज्यसभा सांसद अमरजीत पटनायक, मंत्री अश्विनी कुमार पात्र, राज्य सरकार के योजना बोर्ड के सदस्य डॉ. रमेश चंद्र च्याउपटनायक और ब्रह्मपुर के विधायक विक्रम पंडा सम्मानित अतिथि थे जबकि अन्य गणमान्य व्यक्ति और बुद्धिजीवी कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

इस कार्यक्रम में ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न लोक कला और सांस्कृतिक संस्थानों ने भाग लिया और दर्शका को मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उन्हें पुरस्कृत किया गया। विशेष रूप से वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं रक्तदाता डॉ. निरोज कुमार पोथाल को उक्त कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल प्राफेसर गणेशीलालजी द्वारा द इंडियन गोल्डन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है।

## 76वीं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर मंडल में 76वीं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, श्री विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और हिंदी भाषा में दिन-प्रतिदिन के कार्य को बढ़ाने के लिए कुछ विचार सुझाए। इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर, श्री आनंद सिंह ने गत तिमाही में आयोजित राजभाषा गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया कइस बैठक में राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये कबैठक में मंडल के सभी शाखा अधिकारियों ने भाग लिया और राजभाषा अधिकारी श्री उपेंद्र कुमार सिंह ने बैठक का समन्वय किया ।

# भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** धनवार के अरगाली (हुन्ड्रा टांड उपाध्याय टोला) मंदिर में सात दिवसीय हनुमान प्राणप्रतिष्ठा सह मानस यज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकल गया। यज्ञाचार्य सुधीर उपाध्याय और गंगाधर उपाध्याय के निर्देशन में 151 महिलाओं ने यज्ञ मंडप से क्लास लेकर इरगा नदी तक यात्रा किया। पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने फीता काटकर यात्रा को रवाना किया। कलशयात्रा में गाजे-बाजे के साथ नारा लगाते हुए क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य ग्रामीण भी सारिक हुये। इरगा नदी कोरियाडीह पहुंच पुरोहित रामदेव तिवारी ने पूजा अनुष्ठान कर मुख्य यजमान लक्ष्मीकांत उपाध्याय और उनकी पत्नी अनोखा देवी से जल भरवाया। वापसी में मंडप प्रवेश के साथ कलशयात्रा पूरा हुआ। यज्ञ समिति के संजीव उपाध्याय, गौरीशंकर उपाध्याय, नकुल उपाध्याय, राम उपाध्याय आदि ने कहा कि यह सात दिवसीय यज्ञ 16 मई को पूणार्हुति के साथ संपन्न होगा। इस दौरान रोज संध्या चित्रकूटधाम से आई सुधा पांडेय संगीतमय प्रवचन करेंगी। क्लास यात्रा में बीडीओ रामगोपाल पांडेय, रामदेव यादव, कार्तिक दास, केदार पासवान, गौरव नारायण देव, टूना तुरी, सामाजिक कार्यकर्ता नकुल राय, पवन सिंह, उपेंद्र सिंह, ग्रामीण अजय नारायण देव, विद्या प्रसाद सिंह, राकेश दुबे, उपेंद्र उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, प्रदीप उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, किशुन राय, अशोक राय, संजय कुमार सिन्हा आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**